दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ




# अमन लेखनी



आप सभी को अमन लखेनी परिवार की तरफ से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वर्ष : 10 | अंक : 22 | लखनऊ, 01 जनवरी, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 69,825.60

निफ्टी 20,969.40

## विकसित भारत, आत्मनिर्भरता की भावना से भरा हुआ है देश, 2024 में भी गति बनाए रखनी है: मोदी

अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश विकसित भारत और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है तथा इस भावना एवं गति को 2024 में भी बनाए रखना है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 108वीं कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर दिया और फिट इंडिया के लिए कई अनूठे प्रयासों पर प्रकाश डाला। प्रसारण के दौरान ईशा फाउंडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद और अभिनेता अक्षय कुमार ने बताया कि उनकी अच्छी सेहत का राज क्या है। मोदी ने कहा, आज भारत का कोना-कोना, आत्मविश्वास से भरा हुआ है। देश विकसित भारत और आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है।

2024 में भी हमें इसी भावना और गति को बनाए रखना है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का नवोन्मेष का केंद्र बनना इस बात का प्रतीक है कि देश अब रुकने वाला नहीं है। मोदी ने कहा, जो देश नवोन्मेष को महत्व नहीं देता, उसका विकास रुक जाता है। भारत का नवोन्मेष का केंद्र बनना इस बात का प्रतीक है कि हम रुकने वाले नहीं हैं। 2015 में हम वैश्विक नवोन्मेष सूचकांक में 81वें स्थान पर थे। आज हम 40वें स्थान पर हैं। प्रधानमंत्री ने चंद्रयान-3 की सफलता सहित साल 2023 में विभिन्न क्षेत्रों में देश को हासिल हुई उपलब्धियों का उल्लेख किया और देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। दीपावली पर हुए रिकार्ड कारोबार का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय वोकल फॉर लोकल के मंत्र को महत्व दे रहा है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की ताकत के बल पर भारत ने इस वर्ष कई विशेष उपलब्धियां हासिल कीं जिनमें चंद्रयान-3 की सफलता और नारी शक्ति वंदन विधेयक का संसद से पारित होना शामिल है।

मोदी ने फिल्म आरआरआर के गीत नाटू-नाटू और लघु वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्परर्स को ऑस्कर मिलने का जिक्र किया और कहा कि दुनिया ने इनके जरिए भारत की रचनात्मकता को देखा और पर्यावरण के साथ जुड़ाव को समझा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भारत विकसित होगा तो इसका सबसे अधिक लाभ युवाओं को होगा तथा यह तब और ज्यादा होगा जब वे स्वस्थ रहेंगे। मोदी ने हाल में संपन्न काशी-तमिल संगमम का उल्लेख किया और कहा कि इस आयोजन के दौरान उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण भाषिणी का पहली बार उपयोग किया। उन्होंने बताया कि इसकी सहायता से उनके भाषण को उसी समय तमिलनाडु के लोग तमिल में सुन पा रहे थे।

मोदी ने कहा, वह दिन दूर नहीं जब किसी एक में संबोधन हुआ करेगा और जनता तत्क्षण उस भाषण को अपनी में सुन सकेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की उपलब्धि हर भारतवासी की उपलब्धि है और उन्हें पंच-प्रणों का ध्यान रखते हुए भारत के विकास के लिए निरंतर जुटे रहना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम से बढ़कर कोई मंत्र नहीं है तथा इसी मंत्र पर चलते हुए देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना है। मन की बात के दौरान अक्षय की टिप्पणी का ऑडियो साझा करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं अक्षय कुमार से पूरी तरह से सहमत हूं, जब वह कहते हैं कि फिट रहने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है। वह फिट रहने के लिए अच्छा खाने और शुद्ध खाने पर भी जोर देते हैं।

## सरकार वैश्विक मांग को देखते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यबल बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है: पवार

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** केंद्रीय मंत्री डॉ. भारती पवार ने शनिवार को यहां कहा कि भारतीय स्वास्थ्य क्षेत्र की विश्व स्तर पर अच्छी छवि है और सरकार बढ़ती मांग को देखते हुए कार्यबल बढ़ाने के लिए काम कर रही है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने दोहराया कि कोरोनोवायरस के जेएन.1 उप-स्वरूप से घबराने की कोई जरूरत नहीं है, लेकिन राज्यों को इसके प्रसार के बारे में सतर्क रहने के लिए कहा गया है। डॉ. पवार अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नागपुर में बा रोगी विभाग (ओपीडी) और आंतरिक रोगी विभाग (आईपीडी) सेवाओं, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) और जन औषधि केंद्र जैसी सरकारी योजनाओं की समीक्षा करने के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं।



केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत विश्व स्तर पर सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। दुनिया भर में भारतीय स्वास्थ्य पेशेवरों की काफी मांग है। भारतीय स्वास्थ्य क्षेत्र की छवि अच्छी है। यह विश्वसनीय है और कई देशों में स्वास्थ्यकर्मियों की मांग बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जापान समेत कई देशों में भारतीय नर्सों की भारी मांग है। डॉ. पवार ने कहा, नर्सों की मांग को देखते हुए केंद्र सरकार ने पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में जापानी का पाठ्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि सरकार एमबीबीएस पाठ्यक्रमों के लिए सीट संख्या बढ़ाने पर भी काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, वर्ष 2014 से पहले देश में चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 350 थी। उसके बाद यह संख्या बढ़कर 700 से अधिक हो गई है। इसी तरह, मिजोरम और नगालैंड जैसे पूर्वोत्तर क्षेत्र में पिछले 70 वर्षों में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं था, लेकिन वहां भी अब मेडिकल कॉलेज हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या के लिये पहले विमान के उड़ान भरते ही पायलट ने जय श्री राम का जयकारा लगाया

**नई दिल्ली,** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से मंदिरों के शहर अयोध्या के लिए पहली उड़ान भरते समय इंडिगो विमान के पायलट आशुतोष शेखर ने शनिवार को इसकी सार्वजनिक घोषणा प्रणाली के माध्यम से जय श्री राम का जयकारा लगाया। यात्रियों को संबोधित करते हुये शेखर (43) ने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उनकी कंपनी ने अयोध्या के लिये पहली उड़ान भरने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को इससे पहले अयोध्या में हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। विमान में सवार यात्रियों के साथ शेखर ने अपने सह-पायलट निखिल बख्शी और केबिन प्रभारी कीर्ति का परिचय करवाया। शेखर जब यात्रियों को संबोधित कर रहे थे उस वक्त उनकी पत्नी श्वेता रंजन ने इस पल को अपने कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। श्वेता ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह जीवन भर का अनुभव था। उन्होंने कहा, दिल्ली से अयोध्या के बीच पूरे एक घंटे की यात्रा के दौरान यात्रियों ने मंत्रोच्चार किया, हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन गाया।

### अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर के नाम पर हो रही लूट

अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण तेजी के साथ किया जा रहा है। अयोध्या में राम मंदिर में आगामी 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश और दुनिया की कई नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजा गया है। इसी बीच विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने भक्तों के लिए चेतावनी जारी करते हुए उन्हें स्कैम और फजीर्वाड़े से दूर रहने के चेतावनी दी है। उन्होंने एक अलग तरीके के फजीर्वाड़े को उजागर किया है, जिसमें चंदा देने वालों को शिकार बनाया जा रहा है। वीएचपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दो पोस्ट शेयर की है। इन पोस्ट में उन्होंने कर कोड का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए बताया है कि कई लोग श्री राम मंदिर निर्माण के लिए फर्जी तरीके से क्यूआर कोड जनरेट कर रहे हैं। फोटो शेयर करा उन्होंने लिखा कि श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र के नाम से फर्जी आईडी बनाकर लोग पैसा ठगने का काम कर रहे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने बताया कि इस तरह का काम करने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में किसी भी संस्था को अधिकृत नहीं किया है। उन्होंने अपील की है कि दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें। वीएचपी नेता ने लोगों से अपील की है कि अन अधिकृत ग्रुप और व्यक्तियों को किसी भी तरह का दान ना दे। विनोद बंसल ने एक चेतावनी जारी कर भक्तों को दान देने से पहले सचेत रहने को कहा है। दरअसल इन दिनों अयोध्या मंदिर के नाम पर दान मांगने वाले कई फर्जी संदेश सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। ऐसी फर्जी संदेशों से सावधान रहने की चेतावनी दी गई है ताकि लोग खुद को धोखाधड़ी का शिकार होने से बचा सके।

## तहरीक-ए-हुर्रियत को सरकार ने प्रतिबंधित संगठन घोषित किया

### आतंकवाद पर केंद्र सरकार का बड़ा प्रहार

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** जम्मू कश्मीर को आतंक से मुक्त करने के दिशा में केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 के अंतिम दिन यानी 31 दिसंबर को बड़ा कदम उठाया है। केंद्र सरकार जम्मू कश्मीर में आतंक का खातमा करने के लिए लगातार कोशिशों में जुटी हुई है और ताबड़तोड़ एक्शन ले रही है। इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने तहरीक-ए-हुर्रियत पर प्रतिबंध लगाया है। मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर (मसरत आलम ग्रुप) पर प्रतिबंध लगाने के बाद ये दूसरा मौका है जब किसी संगठन पर बैन लगाया गया है। बता दें कि तहरीक-ए-हुर्रियत (टीईएच) पाकिस्तान समर्थक अलगाववादी समूह है, जो केंद्रशासित प्रदेश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और भारत विरोधी दुष्प्रचार करने का काम करता है। संगठन को बैन करने की घोषणा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की है। जानकारी के मुताबिक संगठन पर यूएपीए के तहत बैन लगाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संगठन पर बैन लगाने संबंधित घोषणा करते हुए कहा कि संगठन को जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए आतंकवादी गतिविधियों को जारी रखते और भारत विरोधी दुष्प्रचार करते हुए पाया गया।

## देश में 5.33 करोड़ घरों को अभी भी नल से जल का इंतजार

### तीन राज्यों में हालात सबसे खराब:आरटीआई

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** भारत सरकार ने 2024 तक देश के प्रत्येक गांव के हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा है लेकिन अभी भी ग्रामीण इलाकों में 5,33,46,499 (लगभग 5.33 करोड़) घरों को नल से जल का कनेक्शन उपलब्ध नहीं हो पाया है। राजस्थान, झारखंड और पश्चिम बंगाल में इस संबंध में स्थिति ज्यादा खराब है। हालांकि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साढ़े चार वर्षों में जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत 13,91,70,516 (13.91 करोड़)



ग्रामीण घरों में नल से पानी पहुंचाया गया जबकि 15 अगस्?त 2019 में ऐसे नल जल कनेक्शन वाले घरों की संख्या केवल 3,23,62,838 (3.23 करोड़) थी। देश के ग्रामीण इलाकों में घरों की कुल संख्या 19,25,17,015 (19.25 करोड़) है, जिनमें से 25 दिसंबर 2023 तक 13,91,70,516 (13.91 करोड़) घरों में नल से जल कनेक्शन लगाए जा चुके हैं।

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के जवाब में यह जानकारी मुहैया कराई है। भारत सरकार ने 2024 तक देश के प्रत्येक गांव के घर में नल के जरिए पानी की आपूर्ति करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए राज्यों के साथ साझेदारी में हर घर जल योजना लागू की जा रही है। मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए जवाब के अनुसार, पेयजल राज्य का विषय है और पेयजल आपूर्ति योजनाओं की योजना, डिजाइन, अनुमोदन और कार्यान्वयन राज्यों पर निर्भर है। भारत सरकार ने तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान कर राज्यों के इस प्रयास में मदद की है। आरटीआई के मुताबिक, पिछले साढ़े चार वर्षों में जल जीवन मिशन हर घर जल के अंतर्गत 13,91,70,516 (13.91 करोड़) ग्रामीण घरों में नल से पानी पहुंचाया गया जबकि 15 अगस्?त 2019 में ऐसे नल जल कनेक्शन वाले घरों की संख्या 3,23,62,838 (3.23 करोड़) थी।

15 अगस्त 2019 तक देश के 16.81 फीसदी गांवों में ही घरों में नल के जरिए पानी पहुंचता था, जिसका अनुपात बढ़कर अब 25 दिसंबर 2023 तक 72.29 फीसदी हो गया है। लेकिन लगभग 28 फीसदी ग्रामीण इलाकों में मौजूद घर अभी भी नल से जल का इंतजार कर रहे हैं। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक, हर घर जल मुहीम के तहत झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में ग्रामीण इलाकों के घरों में नल के कनेक्शन की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।

## बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सीएम योगी ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

- प्रधानमंत्री के मन की बात का 108वां संस्करण
- पीएम ने की लखनऊ, प्रयागराज के मिलेट्स स्टार्टअप और काशी तमिल संगमम की विशेष चर्चा
- युवाओं से की अपील– सोशल मीडिया को बना दें राममय, #ShriRamBhajan हैशटैग के साथ शेयर करें रामभजन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 108वें संस्करण को सुना। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल में मन की बात का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में 2023 की उपलब्धियों की चर्चा की। वहीं उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप्स की चर्चा करते हुए इसे लाइफस्टाइल हेल्थ इनोवेशन की दिशा में बड़ा कदम बताया।

### यूपी के स्टार्टअप्स और काशी तमिल संगमम की पीएम ने की विशेष चर्चा

लाइफस्टाइल डिसीज पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए पीएम ने फिट इंडिया मूवमेंट की भी चर्चा की। वहीं इंटरनेशनल इयर ऑफ मिलेट्स में लखनऊ के किरोज फूड्स, प्रयागराज के ग्रैंड माम्लेट्स और न्यूट्रास्युटिकल्स जैसे कई स्टार्टप्स की तारीफ भी की। प्रधानमंत्री ने हाल ही में काशी तमिल संगमम के दौरान एआई तकनीक की मदद से हुए उनके रियल टाइम हिन्दी और तमिल संबोधन को भी क्रांतिकारी बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि काशी तमिल संगमम में हुए इस इनोवेशन से आने वाले समय में स्कूलों, अस्पतालों और न्यायालयों में बहुभाषीय संवाद कायम करने में बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने 22 जनवरी 2024 को होने जा रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले युवाओं से अपील की कि सोशल मीडिया को राममय किया जाना चाहिए। पीएम ने भगवान राम को समर्पित गीतों को इसका एक बेहतरीन जरिया बताते हुए अपील की कि #रँ१फेइँनंल्ल टैग के जरिए प्रभु श्रीराम के भजनों को सोशल मीडिया पर शेयर किया जाए।

### पीएम ने की 2023 की बड़ी उपलब्धियों की चर्चा

प्रधानमंत्री ने इसके अलावा नारी शक्ति वंदन अधिनियम, भारत का विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, जी-20 की सफलता, दीपावली पर रिकॉर्ड कारोबार, वोकल फॉर लोकल, चंद्रयान-3 की सफलता। ऑस्कर में नाटू नाटू और एलिफेंट व्हिस्पर्स को मिले पुरस्कार, अंतरराष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों की उपलब्धियों, क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत के शानदार प्रदर्शन की भी चर्चा की। पीएम ने आजादी का अमृत महोत्सव, मेरी माटी मेरा देश, 70 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण को सामूहिक उपलब्धि बताया। पीएम ने कहा कि हमें 2023 की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर नये संकल्पों को लेना होगा। प्रधानमंत्री ने मेंटल हेल्थ को लेकर भी मन की बात में विशेष चर्चा की और आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए इसमें बड़े बदलावों की उम्मीद जताई। लखनऊ के प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व डिप्टी सीएम एवं राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा, विधानपरिषद सदस्य मोहसिन रजा सहित तमाम गणमान्य मौजूद रहे।

## इसरो ब्लैक होल का अध्ययन करने वाले उपग्रह के प्रक्षेपण से करेगा नए साल की शुरूआत

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सोमवार को पहले एक्स-रे पोलरिमीटर उपग्रह (एक्सपोसैट) के प्रक्षेपण से नववर्ष का स्वागत करने के लिए तैयार है जो ब्लैक होल जैसी खगोलीय रचनाओं के रहस्यों से पर्दा उठाएगा। अक्टूबर में गगनयान परीक्षण यान डी1 मिशन की सफलता के बाद यह प्रक्षेपण किया जा रहा है। इस मिशन का जीवनकाल करीब पांच वर्ष का होगा। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी)-सी58 रॉकेट अपने 60वें अभियान पर प्रमुख पेलोड एक्सपोसैट और 10 अन्य उपग्रह लेकर जाएगा जिन्हें पृथ्वी की निचली कक्षाओं में स्थापित किया जाएगा। चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित अंतरिक्ष केंद्र से नए साल के पहले दिन सुबह नौ बजकर 10 मिनट पर होने वाले प्रक्षेपण के लिए 25 घंटे की उलटी



गिनती रविवार को शुरू हुई।

इसरो सूत्रों ने कहा, पीएसएलवी-सी58 के लिए आज सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर उलटी गिनती शुरू हुई। एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट (एक्सपोसैट) एक्स-रे स्रोत के रहस्यों का पता लगाने और ब्लैक होल की रहस्यमयी दुनिया का अध्ययन करने में मदद करेगा। इसरो के अनुसार, यह खगोलीय स्रोतों से एक्स-रे उत्सर्जन का अंतरिक्ष आधारित ध्रुवीकरण माप में अध्ययन करने के लिए अंतरिक्ष एजेंसी का पहला समर्पित वैज्ञानिक उपग्रह है।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के अलावा अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने दिसंबर 2021 में सुपरनोवा विस्फोट के अवशेषों, ब्लैक होल से निकलने वाली कणों की धाराओं और अन्य खगोलीय घटनाओं का ऐसा ही अध्ययन किया था। इसरो ने कहा कि एक्स-रे ध्रुवीकरण का अंतरिक्ष आधारित अध्ययन अंतरराष्ट्रीय रूप से महत्वपूर्ण हो रहा है और इस संदर्भ में एक्सपोसैक्ट मिशन एक अहम भूमिका निभाएगा।

## आत्मनिर्भरता के लिए रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है भारत: राजनाथ

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली,** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि सरकार देश को सामरिक लिहाज से अहम अर्थव्यवस्था बनाने के लिए घरेलू रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का एक मजबूत आधार विकसित कर रही है। सिंह ने यहां तेजपुर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह में कहा कि उनका मंत्रालय रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार भारत को सामरिक लिहाज से एक अहम अर्थव्यवस्था बनाने के लिए घरेलू रक्षा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का एक मजबूत आधार विकसित कर रही है। रक्षा मंत्रालय द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि पहली बार हथियारों का आयात कम हुआ है, जबकि



निर्यात बढ़ा है। उन्होंने कहा, हमने पांच सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियां जारी कीं, जिसके तहत 509 रक्षा उपकरणों की पहचान की गई है, जिनका निर्माण अब स्वदेश में ही किया जाएगा। उन्होंने कहा, इसके अलावा, हमने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों की चार स्वदेशीकरण सूचियां भी जारी की हैं, जिनमें 4,666 वस्तुओं की पहचान की गई है और इनका निर्माण अब अपने ही देश में किया जाएगा। घरेलू रक्षा विनिर्माण की चर्चा करते हुए सिंह ने कहा कि उत्पादन पहली बार 1,00,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। उन्होंने कहा, भारत के रक्षा निर्यात का कुल मूल्य 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपये था, जो 2022-23 में लगभग 10 गुना बढ़कर 15,920 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

सिंह ने पिछले कुछ वर्षों में रवैये में बदलाव के बारे में भी बात की और किसी भी स्थिति से निपटने में वर्तमान सरकार की कार्यशैली पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत अब रहने-दो दृष्टिकोण के प्रति सहिष्णु नहीं है। आज, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आओ-इसे-करें दृष्टिकोण में विश्वास करता है। सिंह ने महिला सशक्तीकरण के मुद्दे पर कहा कि सरकार ने सेना सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, आज देश में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। लड़ाकू विमानों से लेकर चंद्रयान तक ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें महिलाओं की मौजूदगी न दिखती हो।

देश को विकसित बनाने में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत को आर्थिक और सैन्य महाशक्ति बनाने का विचार प्रतिभाशाली युवाओं की क्षमताओं पर विश्वास पर आधारित है।

## बंथरा में एलिवेटेड रोड की शटरिंग गिरने से टूटी कार

लखनऊ-कानपुर मार्ग पर एलिवेटेड रोड के निर्माण के दौरान कार्यदायी संस्था पीएनसी कम्पनी की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। रविवार को बंथरा बाजार में निर्माण कार्य के दौरान शटरिंग गिरने से फॉर्च्यूनर गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही की कार सवार लोग बाल-बाल बच गए। रविवार शाम करीब 4:30 बजे फॉर्च्यूनर गाड़ी लखनऊ से कानपुर की तरफ जा रही थी। कार बंथरा बाजार पहुंची ही थी, तभी एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य के लिए लगाई शटरिंग भरभराकर गिर गई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई लेकिन सवार बाल-बाल बच गए। कार सवार किसी तरह बाहर निकले। हादसा देख अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद फॉर्च्यूनर चालक निर्माण कंपनी पीएनसी के खिलाफ बंथरा थाने में शिकायत की। जहां निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने नुकसान की भरपाई का आश्वासन दिया। दोनों के बीच पुलिस ने समझौता करा दिया। कुछ दिन पहले भी बोलेरो गाड़ी पर शटिरंग गिर गई थी।

## दो पक्षो में जमकर मारपीट, दस घायल

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के भाटनखेड़ा गांव में दो पक्षो की महिलाओ में शुरू हुआ विवाद कुछ देर में खूनी संघर्ष में बदल गया जिसके बाद दोनो पक्षो में हुयी जमकर मारपीट में महिलाओ समेत दस लोग घायल हो गयें ।पुलिस ने दोनो पक्षो की तहरीर पर क्रास एनसीआर दर्ज कर जांच में जुट गयी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरा मजरा भाटनखेड़ा गांव में संतोष शर्मा व नंद किशोर शर्मा के बीच एक जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था जिसको लेकर दोनो पक्ष रिश्तेदार होते हुये भी एक दूसरे से दुश्मनी मनाते थे, रविवार की सुबह दोनो पक्षो की महिलाओ के बीच शुरू हुये विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया ओर दोनो पक्षो के डेढ दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंड व धारदार हथियार लेकर आमने-सामने आ गये ओर जमकर मारपीट हुयी ।मारपीट में सतोंष पक्ष से उनकी पत्नी सवित्री, कुसुम ,साधना, मानसी व उत्तम व दूसरे पक्ष के नंद किशोर, विपिन, केतकी, तनु, पम्मी घायल हो गयें ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को इलाज के लिये सीएचसी भेजा ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया दोनो पक्षो के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार, बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओ में क्रास मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी एवं मुख्यमंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर महिला हाफ मैराथन का शुभारम्भ किया

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ :** में बेहतर सुरक्षा के वातावरण में बहन, बेटियां निर्भीक होकर घर से बाहर निकल रही हैं। प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। लोगों को भ्रष्टाचारियों तथा माफियाओं से मुक्ति तथा शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण प्राप्त हुआ है। महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। केंद्र की योजनाओं को प्रदेश में बखूबी लागू किया जा रहा है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ विकास की नई गाथा बयां कर रही है। यहां अनेक विकास परियोजनाएं जमीनी धरातल पर उतरते हुए दिखाई दे रही हैं। पहले उत्तर प्रदेश को पिछड़ा हुआ तथा बीमारू प्रदेश माना जाता था।

यह विचार भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने यहां महिला हाफ मैराथन का शुभारम्भ करने के पश्चात इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सम्मिलित हुए। इसके पूर्व, नड्डा एवं मुख्यमंत्री ने हरी झण्डी दिखाकर महिला हाफ मैराथन का शुभारम्भ किया। अपने सम्बोधन में नड्डा ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित महिला हाफ मैराथन के शुभारम्भ कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ। युवा पीढ़ी के लिए यह ऐतिहासिक समय है। कुछ समय पूर्व अमृतकाल में भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। हम सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अमृतकाल में विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया।

श्री नड्डा ने कहा कि विगत 75 वर्षों में व उससे पूर्व जिन महापुरुषों ने देश की आजादी के लिए तथा देश को मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया, हमने उनका आजादी के अमृत



महोत्सव में स्मरण किया तथा अपने गौरवमयी इतिहास को याद किया। इन 75 वर्षों में जीवन के गुजरे हुए पलों को भी याद किया। हम सभी ने विकसित भारत का संकल्प लिया तथा अगले 25 वर्षों की कल्पना की। इसी कल्पना का परिणाम है कि भारत प्रत्येक क्षेत्र में नए-नए आयाम जोड़ रहा है।

श्री नड्डा ने कहा कि जब युवा, महिला, गरीब तथा किसान आदि विकास की गति में स्वयं को सम्मिलित करते हुए आगे बढ़ते हैं, तो विकसित भारत की संकल्पना साकार रूप लेते हुए दिखाई देती है। इसलिए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि उन्हें केवल चार जातियां दिखाई देती हैं। सबसे पहली जाति महिला, दूसरी जाति युवा, तीसरी जाति किसान तथा चैथी गरीब की जाति है। यदि इन सभी का सशक्तिकरण किया जाएगा, तो भारत को विकसित बनाने में देर नहीं लगेगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत योजना, पी0एम0 मुद्रा लोन योजना आदि योजनाएं महिलाओं का सशक्तिकरण कर रही हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं किसानों का सशक्तिकरण कर रही हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इन योजनाओं को उत्तर प्रदेश में मजबूती से लागू किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, सौभाग्य योजना, उजाला योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं गरीबों को ताकत प्रदान कर रही हैं तथा उनकी तस्वीर व तकदीर बदल रही हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत देश के 80 करोड़ तथा उत्तर प्रदेश के 15 करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क राशन की सुविधा प्राप्त हो रही है। स्टैण्ड-अप इण्डिया, स्टार्ट-अप इण्डिया जैसी योजनाएं तथा खेलो इण्डिया, फिट इण्डिया मूवमेण्ट जैसे कार्यक्रम युवाओं को आगे बढाने का कार्य कर रहे हैं।

श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व नेतृत्व में भारत ने एशियन गेम्स में सर्वाधिक मेडल प्राप्त करने का रिकॉर्ड स्थापित किया है। इस कार्य में मुख्यमंत्री ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व तथा मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में भी खेलो इण्डिया तथा फिट इण्डिया मूवमेण्ट जैसे कार्यक्रम लागू किये जा रहे हैं। अच्छे खिलाड़ियों का चयन तथा प्रत्येक गांव में खेल का मैदान व ओपन जिम का निर्माण, प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक सुविधायुक्त स्टेडियम का निर्माण जैसे कार्य ओलम्पिक तथा एशियाई गेम्स जैसी विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में गांवों के युवाओं को प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों में प्रत्येक क्षेत्र में विकास की नई सम्भावनाएं तथा परिणाम हम सभी के सामने आए हैं। खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों में बहुत कुछ नया देखने को मिला है। खेलो इण्डिया कार्यक्रम, फिट इण्डिया मूवमेण्ट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, प्रत्येक जनपद में खेलो इण्डिया सेण्टर की स्थापना जैसे कार्य नए भारत के सामर्थ्य को प्रदर्शित करने तथा युवा ऊर्जा को आगे बढ़ाने का बेहतरीन साधन बने हैं। यह महिला हाफ मैराथन नए भारत के सामर्थ्य की दृष्टि से प्रेरणा का केंद्र बन सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश सरकार प्रत्येक जनपद में स्टेडियम, विकास खण्ड स्तर पर मिनी स्टेडियम, ग्राम पंचायत स्तर पर खेल का मैदान तथा ओपन जिम के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है।

# जल बचाओ-पेड़ लगाओ, प्रकृति से दोस्ती निभाओ : डॉ. हीरा लाल

### हर खेत को पानी और जलवायु परिवर्तन पर विचार गोष्ठी आयोजित

### ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी/परियोजना के सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।नव वर्ष की पूर्व संध्या पर गोमती रिवर फ्रंट पर ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी/परियोजना के तत्वावधान में हर खेत को पानी एवं जलवायु परिवर्तन विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। इस मौके पर विभाग के आज सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पौध रोपण किया गया और गोष्ठी में उपस्थित लोगों को पौधा भेंटकर इसको रोपित करने के



साथ ही उसके देखरेख की भी सलाह दी गयी। इस मौके पर ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी /परियोजना के प्रशासक डॉ. हीरा लाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के बारे में आज हर किसी का जागरूक होना बहुत जरूरी है । उन्होंने एक सर्वे का हवाला देते हुए कहा कि आज भी 95 फीसद लोग जलवायु परिवर्तन, उसके कारण और नुकसान से अनभिज्ञ हैं, ऐसे में इस तरह की गोष्ठी का आयोजन कर जागरूकता लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज की सबसे बड़ी जरूरत है कि हम अपने घर और आस-पास पेड़ अवश्य लगायें, इसके साथ ही जल के दुरुपयोग को रोककर प्रकृति के साथ दोस्ती निभाएं। विभाग के अधिकारियों को सलाह दी कि खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए बनने वाली नालियों के बीच खाली स्थान पर वन विभाग और शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर पौध रोपण अवश्य किया जाए। इसके साथ ही प्लास्टिक मुक्त समाज बनाने पर भी ध्यान देने की सलाह दी।

गोष्ठी के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अजय दीप सिंह ने विभाग की इस पहल की सराहना की और कहा कि डॉ. हीरा लाल जब बांदा के जिलाधिकारी थे तब भी जल, जंगल और जमीन को सुरक्षित बनाने पर कई नवप्रयोग किये, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया। अब इस विभाग के माध्यम से भी प्रकृति और जल संरक्षण पर उनका पूरा फोकस है। इस मौके पर संयुक्त निदेशक संजय त्रिपाठी, अपर आयुक्त राजीव आचार्य, कृषि विशेषज्ञ पवन सिंह, डॉ. गौरीशंकर, वंदना भारती, काव्या, विनय मिश्र, हिमांशु पाण्डेय, सुदर्शन दीक्षित, गो फॉर गोमती के अंकित दीक्षित, सर्वेभ्यो फाउन्डेशन के आलोक आदि ने भी गोष्ठी को संबोधित किया।

# पूजित अक्षत कलश यात्रा निकली, जगह-जगह हुआ स्वागत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पहले मोहनलालगंज में रविवार को पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गयी ।अक्षत कलश यात्रा बिन्दौवा के प्रकृति भारती से शुरू होकर गौरा, मोहनलालगंज कस्बा, राधा स्वामी, कालेबीर बाबा मंदिर होते हुये प्रकृति भारती में समाप्त हुयी ।अक्षत कलश शोभायात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा व पूजन कर क्षेत्रीय लोगो ने स्वागत किया ।मोहनलालगंज कस्बे में अक्षत पूजन कलश यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जय श्री राम बच्चा बच्चा राम का जन्म भूमि के काम का के नारों और भगवान राम के गीतों के साथ यह यात्रा निकाली



गई.जगह-जगह पर पुष्प वर्षा महिलाओं और पुरुषों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया । निगोहा मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेई ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तहत हर घर महासंपर्क अभियान 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आरएसएस के जिला कार्यवाह अजीत, विभाग सयोंजक सामाजिक समरसता महेन्द्र मिश्रा, डा०पुष्पेन्द्र पासी, पुष्कर अवस्थी, सुशील रावत, दीपू बाजपेयी, दिलीप सिंह उमेश, गिरीश, दिनेश शर्मा, संजय सिंह, राज किशोर, शिव अटल सिंह, अनुपम शुक्ला, खंड कार्यवाह गिरिश द्विवेदी समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# दबंग भाईयों ने लाइनमैन को पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।नगराम क्षेत्र के ममईमऊ गांव में विद्युत विभाग द्वारा ओटीएस कैम्प के दौरान एक घर में अनाधिकृत तरीके से बिजली का उपयोग करने की सूचना पर मौके पर पहुंचे लाइनमैन को टोकना महंगा पड़ गया ।अनाधिकृत तरीके से बिजली का उपयोग करने वाले दबंग भाईयों ने लाइनमैन की पिटाई कर घायल कर दिया ।अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भाईयों मारपीट समेत की अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।नगराम समेसी विद्युत सब स्टेशन के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि शनिवार को ममईमऊ गांव में उनकी विधुत विभाग टीम द्वारा ओटीएस कैम्प लगाया गया था कैंप के दौरान लाइन मैन बोधराम द्वारा गांव में ही कैम्प प्रसार-प्रचार किया जा रहा था इसी दौरान गांव के ही रामसेवक अपने घर से क करीब 50 मीटर दूर केबिल खींचकर दूसरे मकान में भी अनाधिकृत रूप से बिजली कब प्रयोग करते पाए गए जिस पर लाइनमैन ने रोक टोक की तो रामसेवक के बेटे रिंकू, अमित, पिंटू, व गोविंद आ दौड़े और लाइनमैन बोधराम से रौब झाडते हुए गाली गलौज करने लगे जब लाइनमैन ने इसका विरोध किया दबंग भाइयों ने उसकी पिटाई कर दी जिसके बाद उनकी टीम द्वारा 112 पर पुलिस को सूचना दी तो दबंग भाई धमकाते मौके से भाग निकले ।थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया अवर अभियंता आशीष कुमार द्वारा दी गई तहरीर पर आरोपी चारो भाईयों के विरूद्व मारपीट, सरकारी कार्य मे बाधा डालने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

# आदर्श व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह हुआ आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल सरोजनीनगर के तत्वाधान में रविवार को सरोजनीनगर स्थित बुढ़वा बाबा गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल सरोजनीनगर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश संगठन मंत्री ओम प्रकाश शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी व ट्रांस गोमती इकाई के अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम भी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारी संगठित होकर रहें और उन्हें किसी भी भ्रष्ट्र अधिकारी से घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यापारी स्वयं कोई गलत काम ना करें और ना ही गलत बर्दाश्त करें। उन्होंने कहा कि आदर्श व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों के मान सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष करने के साथ ही भ्रष्टाचार का मजबूती से मुकाबला करेगा। उन्होंने कहा व्यापारियों के लिए यह समय काफी चुनौती पूर्ण है, सभी को पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने व्यापार और संगठन को बढ़ाने के लिए मुस्तैदी से लगना होगा। कार्यक्रम में सरोजनीनगर आदर्श व्यापार मंडल के चेयरमैन शैलेंद्र कुमार यादव, अध्यक्ष प्रमोद कुमार हजेला, महामंत्री डॉ. अवधेश कुमार सिंह और कोषाध्यक्ष राजेश कुमार भदौरिया के साथ ही उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद कुशवाहा, जितेंद्र कुमार हजेला, हरिश्चंद्र कुशवाहा, राजन यादव, रवीश कुमार श्रीवास्तव, मनोज यादव और मंत्री के रूप में अखिलेश अवस्थी, आनंद माघवानी, शंकर आडवाणी, मोहम्मद आमिर खान, अजय प्रजापति, शिवजी सोनी, अनमोल अंसारी व संगठन मंत्री के रूप में प्रवीण कुमार, विनेश कुमार, देवेंद्र यादव, अतुल कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, सूरज कुमार निर्मल तथा संयुक्त मंत्री के रूप में रामकुमार वर्मा, अशोक द्विवेदी एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्री लाल, गुरु प्रकाश श्रीवास्तव, अमीन प्रताप सिंह, अभिषेक अवस्थी, आशीष अवस्थी, ओम प्रकाश, इरफान खान, सतीश पांडेय, सुनील चौहान, अमित सिंह, बृजेश यादव, डॉ. आजाद अहमद, दीपक जोशी, अंकित सिंह, शुभम कनौजिया, अनिल वर्मा, जितेंद्र कुमार, सुखबीर सिंह व अरविंद राजपूत ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर पूर्व सभासद सुरेश रावत, संरक्षक दयाराम यादव, पार्षद रामनरेश रावत के अलावा हिंदू जागरण मंच की सुमन सिंह विशेष रूप से मौजूद रही। इस समारोह में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल सरोजनीनगर की ओर से प्रेस क्लब सरोजनीनगर के पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, महामंत्री राकेश यादव, मीडिया प्रभारी पवन तिवारी, सदस्य इंद्रेश यादव, अर्जुन यादव व सुरेंद्र यादव सहित तमाम अन्य पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

# अनियंत्रित बाइक गड्ढे में गिरी दो घायल, ट्रॉमा सेंटर रेफर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अस्पताल से काम करके वापस बाइक से घर लौट रहे युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर खुदे गड्ढे में जा गिरी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय पुलिस की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जंहा चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। माल थाना क्षेत्र आट निवासी राहुल अपने साथी रंजीत नबीपनाह बांझी के साथ मोटरसाइकिल से लखनऊ में स्थित विवेकानंद अस्पताल से काम करके वापस घर लौट रहे थे। तभी रविवार शाम करीब 7 बजे मलिहाबाद कस्बे के मुजासा तिराहा के पास निमार्णाधीन लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर बने अंडरपास के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर खुदे गड्ढे में जा गिरी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। गौरतलब है कि करीब एक साल से बन रहे लखनऊ हरदोई राजमार्ग जगह-जगह निमार्णाधीन अवस्था में है। पत्थर के बड़े बड़े रोड़े व जगह-जगह खुदे गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। आये दिन लोग गिरकर चोटिल व सड़क हादसे का शिकार हो रहे है।

# जालसाजों ने लोन देने का झांसा देकर 59 हजार रुपए की रकम उड़ायी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। साइबर जालसाजों ने बीते दिनों सरोजनीनगर के बाग नंबर -दो, बदाली खेड़ा निवासी जियाउद्दीन को झांसे में लेकर 59 हजार रुपए की रकम हड़प ली। इस मामले में जियाउद्दीन ने तेलंगाना के हैदराबाद स्थित बिस्टा ग्रांड टावर, राज भवन रोड, सोमाजीगड़ा निवासी अमोल, यहीं के राशिद मुस्तफा और एक अन्य के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जियाउद्दीन का कहना है कि बीते अप्रैल 2023 में मोबाइल 78388040850 से एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बजाज कंपनी में कार्यरत अमोल नाम बताते हुए झांसा दिया कि हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के अल्टिया गैंड पॉलिसी से स्वास्थ्य बीमा कराने पर 3 लाख रुपये लोन मिलने की सुविधा उपलब्ध है। उसके झांसे में आकर जियाउद्दीन ने अपनी पत्नी शमा बानो के नाम से एक पॉलिसी ली। जिसके प्रीमियर के रूप में 29,500 रुपये बीती 29 अप्रैल 2023 को और खुद के नाम पर एक पॉलिसी ली। जिसका भुगतान 29,500 रुपये 4 मई 2023 को किया। जियाउद्दीन का कहना है कि यह भुगतान अमोल द्वारा व्हाट्सएप पर भेजे गए लिंक पर अपने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया। बाद में अमोल ने कहा कि अगले हफ्ते बजाज फाइनेंस का एक कर्मचारी आकर के उनसे फाइल पर साइन कराएगा। लेकिन काफी दिन बीतने के बाद भी कोई भी बजाज फाइनेंस का कर्मचारी घर नहीं पहुंचा। बाद में 7 मई और 9 मई को किसी राशिद मुस्तफा व वर्मा आदि नामक व्यक्तियों ने फोन कर पॉलिसी के बारे में बात की। लेकिन इसके बाद भी पॉलिसी और लोन के बारे में कोई सूचना नहीं मिली। जिस पर जियाउद्दीन ने 20 मई 2023 को अमोल को फोन कर जानकारी की तो उसने फाइल रिजेक्ट होने की बात बताई और कहा कि आपका पैसा जल्द ही वापस कर दिया जाएगा। काफी दिन बीतने के बाद भी जब कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो जुलाई 2023 के तीसरे सप्ताह में जियाउद्दीन ने साइबर सेल में शिकायत करने के साथ ही सरोजनीनगर थाने में इसकी शिकायत की। फिलहाल पुलिस जियाउद्दीन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर जालसाजों का पता लगा रही है।

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला मजदूर का शव, मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।निगोहां थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के पास से गुजरे रेलवे ट्रैक पर रविवार की सुबह एक मजदूर का सदिग्धं परिस्थितियों ?में क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला ।ग्रामीणो की सूचना के बाद थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जामा तलाशी ली तो मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त कराते हुये परिजनो के मौके पर आने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्नाव जनपद के मौरावां थाना क्षेत्र के शंकरप्रतापखेड़ा मजरा लखनपुरा निवासी मुशीर मोहम्मद (33वर्ष) निगोहा गांव के बाहर झोपड़ी बनाकर उसमें अपने परिवार के साथ रहकर कबाड़ बीनने का काम करता था। पिता खुदाबक्स ने बताया कि बेटा मुशीर शनिवार रात खाना खाने के बाद घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नही लौटा ।रविवार की सुबह पुलिस ने बेटे मुशीर का शव रेलवे ट्रैक पर मिलने की सूचना दी तो परिजनो के होश उड़ गयें ।रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। मृतक मुशीर की पत्नी का भी दो वर्ष पहले देहांत हो गया था परिवार में मासूम बेटी मंतसा व बेटा मुस्तखिर है, अब अचानक से पिता की मौत के बाद दोनो बच्चे अनाथ हो गयें ।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में मजदूर द्वारा ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की बात पता चली है.पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## कोहरे के साथ होगी नए साल की सुबह

**लखनऊ,** आज से साल तो बदल गया है लेकिन प्रदेश के मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने वाला। नये साल को चढते दिन के साथ धूप खिलने के आसार हैं मगर सुबह कोहरे में लिपटी रहेगी । सोमवार को हवा में गलन बढने की संभावना जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह और मोहमद दानिश के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ की वजह से फिलहाल गलन बनी रहेगी। साल के अंतिम दिन रविवार को घना कोहरा कई इलाकों में छाया रहा। लखनऊ में सुबह धूप खिली मगर शाम होते ही गलन बढ़ी। रविवार को कोहरे का असर कुछ कम रहा। कानपुर में दृश्यता 50 मीटर से कम तो वहीं झांसी में 40 मीटर से कम रही। कई अन्य इलाकों में दृश्यता 100 से 200 मीटर तक रही। श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल एवं आसपास इलाकों में घना कुहरा छाये रहने की संभावना है।

# एयरपोर्ट पर पकड़ा गया करीब आधा किलो से अधिक सोना

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विदेश से सोना लाने वाले तस्कर आये दिन पकड़े जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद उनमें कस्टम विभाग का जरा सा भी खौफ नहीं। रविवार को भी शारजाह से बिना सीमा शुल्क चुकाए चोरी छुपे लाया गया करीब आधा किलो से अधिक सोना लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया। पकड़े गये सोने की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 37 लाख रुपए बताई जा रही है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक कस्टम विभाग के अधिकारी रविवार को शारजाह से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे विमान के यात्रियों की जाँच कर रहे थे। तभी उन्हें विमान से उतरा एक यात्री संदिग्ध नजर आया। कस्टम अधिकारियों ने उसे अलग कर तलाशी ली। जिसके बाद उसके पास से करीब 555 ग्राम सोना बरामद हुआ। यात्री से जब पूछताछ की गई तो वह सोने से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सका। इस पर कस्टम अधिकारियों ने बरामद सोने को जब्त कर लिया। बरामद सोने की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 37 लाख रुपए बताई जा रही है। कस्टम अधिकारियों की माने तो उक्त यात्री बरामद सोने को बिना सीमा शुल्क चुकाए ही शारजाह से चोरी छुपे यहां लेकर पहुंचा था। फिलहाल कस्टम अधिकारी यात्री को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रहे हैं।

## संक्षेप

### बाजार आए युवक की चोरों ने बाइक किया पार

सफीपुर, उन्नाव। बाजार आए युवक की बाइक चोरों ने पार कर दिया जब बाइक स्वामी को मालूम हुआ तो उसके होश उड़ गए पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है थाना माखी क्षेत्र सलेमपुर निवासी राकेश पुत्र देवी प्रसाद सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमलदीपुर गांव बाजार में बीते शनिवार को बाइक खड़ी कर वो बाजार के अंदर खरीददारी करने चला गया जब वो वापस अपनी बाइक के पास आया तो उसकी बाइक मौके से गायब थी युवक ने इधर उधर बाइक की खोजबीन की न मिलने पर उसे बाइक चोरी का अहसास हुआ पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण का सभासदों ने किया विरोध

सुमेरपुर, उन्नाव। नगर पंचायत भगवन्तनगर उन्नाव की भूमि संख्या-652 स्थित वार्ड नं0-06 में नगर पंचायत भगवन्तनगर पर वार्ड नं0-01 बाजपेईखेड़ा नगर पंचायत भगवन्तनगर उन्नाव निवासी अवधेश मिश्रा पुत्र स्व० गोवर्धन मिश्रा अवैध रूप से निर्माण कार्य कर रहे है। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा उक्त निर्माण रोकने हेतु नोटिस दिनांक-15.12.2023 भी जारी की गयी है। 30 दिसंबर को उपरोक्त व्यक्ति द्वारा फिर से अवैध निर्माण कार्य शुरू कराने का प्रयास किया जा रहा है। हम सभी नगर पंचायत के सभासदो ने जब फिर निर्माण का विरोध किया तो अवधेश मिश्रा कहने लगे कि हमारा आवासीय पट्टा है।अवधेश मिश्रा का कहना है पिता स्व० गोवर्धन के नाम वर्ष 2012 में आवासीय पट्टा हुआ था। परन्तु अब तक उपरोक्त पट्टे की भूमि पर पट्टा धारक का कोई निर्माण/ कब्जा नही हुआ था। पट्टा धारक की मृत्यु भी हो चुकी है। अब अपने आवासीय पट्टे पर जब निर्माण किया जा रहा तब सभासद लोग अनावश्यक आपत्ति लगा रहे।सभासदों का कहना है जिस स्थान पर निर्माण कराया जा रहा है वहीं पर नगर पंचायत भगवन्तनगर द्वारा प्रत्येक वर्ष हटिया मेला लगवाया जाता है तथा उपरोक्त सभूमि पर सार्वजनिक / सास्कृतिक कार्यक्रम भी नगर पंचायत द्वारा कराया जाता है। मामले को सभासदो द्वारा जिलाधिकारी की चौखट पर पहुँचा कर न्याय की उम्मीद की गई है।

### रुपिया मांगने पर वाहन मालिक ने चालको को जमकर पीटा

उन्नाव। वाहन मालिक से चालकों ने रुपये की मांग करने पर विवाद शुरू हो गया। तब वाहन मालिक दो भाईयों ने मिलकर चालकों को पीट दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जख्मी चालकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। शुक्लागंज के रहने वाले मनीष व पंकज सिंघल का डंपर कानपुर देहात थाना रसूलाबाद के मनावां गांव के रहने वाले चालक शकील (35) पुत्र उम्मेद गिट्टी व मौरंग लादने के काम में चलाता है। शनिवार रात एक बजे महमूदाबाद में गिट्टी उतार कर डंपर लेकर शकील कंपनी पहुंचा। जहां सुबह शकील ने मनीष से रुपये मांगें। शकील ने कहा कि हिसाब करो, तो मनीश ने कहा कि अभी नहीं करेंगे। दो चार हजार रुपये ले लो। जवाब दिया कि इतने से काम नहीं चलेगा। तभी दोनों में विवाद होने लगा। इसी दरम्यान दूसरा चालक राशिद पुत्र अनवर अली पहुंच गया। उसने कहा कि रुपये क्यों नहीं दे रहे हो? विरोध करने पर दोनों भाई मनीष व पंकज ने मिलकर दोनों चालकों को पीट दिया। राशिद ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मी चालकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नवागत पुलिस अधिकारियों ने विदाई कराने में निभाई सक्रिय भूमिका

## 20 युगलों को विदा करने में मिली सफलता

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के कुशल निर्देशन में पॉलिस लाइन सभागार में नवागत अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सलाहकारों और विभागीय जनों के साथ सकुशल विदाइयाँ कराने में सक्रिय भूमिका निर्वाह की। दोनो नवागत अधिकारियों ने सभी सलाहकारों का परिचय लेते हुए अपने अनुभव भी साझा किए। साथ ही एक दूसरे को बुके व माला भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाओं का आदान प्रदान हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या व गीतकार डॉ शशि रंजना ने नए वर्ष और बेटियों पर आधारित अपनी स्वरचित कविताओं से साबको भाव विभोर किया वहीं प्राचार्य व गीतकार डॉ एस के पांडेय ने अपनी गजल से सबकी वाहवाही लूटी। सलाहकार व रेड क्रॉस उन्नाव के उप सभापति डॉ मनीष सिंह सेंगर ने शेर ओ शायरी और गीत से सबकी सराहना प्राप्त की। संचालन कर रहे परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ आशीष श्रीवास्तव ने विवादित युगलों को प्रस्तुत कर उनकी समस्याओं का निस्तारण कराते हुए विदाई कराई। सलाहकारों राजेन्द्र सिंह सेंगर, राम सनेही यादव, डॉ प्रभा यादव, तबस्सुम नफीस, डॉ सबीहा उमर, अबसार अली खान, डॉ सगीर अहमद खान, सहयोगियों अंकित रघुवंशी, शिवेंद्र चौहान ने परिवार परामर्श केंद्र से 6, महिला थाना से 5, थाना अचलगंज से 3, थाना बांगरमऊ से 2, थाना माखी से 1, थाना दही से 2 जोड़ों की सकुशल विदाई कराई। कुल 20 युगलों ने आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने का संकल्प लिया। इस पुनीत कार्य मे उप निरीक्षिका महिला थाना प्रभारी अर्चना रावत, उप निरीक्षिका भागीरथी, महिला मुख्य आरक्षी मिथिलेश, आरक्षी साधना, अंजुला, अंशू रानी, मीनू, प्रीती, हेल्प डेस्क से महिला आरक्षी पूजा शर्मा, लक्ष्मी, सेविका, पूजा, निराला, निक्की, शिखा सेंगर, सुधा गोस्वामी और मीनू आदि ने नए वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बड़े आत्मीय भाव से युगलों को विदा कराने में अपनी भूमिका निभाई।

# नए साल पर शराब पीकर मचाया उत्पात तो पहुचेंगे हवालात

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। न्यू ईयर की पूर्व संध्या से लेकर समापन तक होने वाले जश्न पर पुलिस का सख्त पहरा रहेगा। शराब पीकर उत्पात मचाने वालों को हवालात की हवा खानी पड़ेगी। हाइवे पर संचालित ढाबों, होटलों व नवाबगंज के पक्षी विहार और शहर व कस्बों के होटल पुलिस के विशेष निशाने पर रहेंगे। जहां भी पियक्कड़ या उत्पाती मिलेंगे उस होटल व ढाबा के संचालक पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी। अक्सर देखा गया है की नए साल का स्वागत करने के लिए युवक एक-दूसरे को पार्टी देते हैं। जिसमें शराब पीने का चलन आम है। पियक्कड़ों द्वारा होटलों व ढाबों पर जश्न के नाम पर हुड़दंग भी होता है। इससे शांति और कानून व्यवस्था बिगड़ने का खतरा बना रहता है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा व जिला आबकारी अधिकारी ने पियक्कड़ों और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए होटलों समेत रेस्टोरेंट व ढाबों की लगातार चेकिंग करने के साथ प्रमुख स्थानों को विशेष निशाने पर लिया है। सभी थाना कोतवाली प्रभारियों और आबकारी निरीक्षकों को अभी से विशेष सतर्क रहने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधिकारियों ने शराब व बियर दुकानों के अलावा माडल शाप संचालकों को अल्टीमेटम दिया है कि वह निश्चित समय के बाद दुकानें न खोलें और दुकान पर किसी को भी शराब न पीने दें। एसपी ने सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि होटल व ढाबा की चेकिंग को पुलिस टीम के साथ पीआरवी को भी गश्त पर लगाया गया है। सभी को ब्रीथ एनलाइजर के साथ चेकिंग करने के निर्देश दिये गये हैं। इस दौरान अगर किसी ढाबा या होटल में कोई शराब पीते मिला तो संचालक पर भी कार्रवाई होगी। इसके अलावा शहर के रेस्टोरेंट और बेकरी दुकानों पर भी पुलिस नजर रखेगी। वहीं रेलवे और बस स्टेशन पर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। आबकारी विभाग के सभी निरीक्षक व सिपाही रात में भी चेकिंग करेंगे। कहीं भी आदेशों का उल्लंघन नहीं होने दिया जायेगा।

### इंटरनेट मीडिया पर भी रहेगी पुलिस की नजर

जश्न की आड़ में इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर भी पुलिस पैनी नजर रखेगी। वाट्सएप व फेसबुक पर निगरानी को पुलिस ने अभी से इंतजाम कर लिए हैं। अधिकारियों ने ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये हैं।

# तकिया मेला के प्रांगण में जवाबी आल्हा कार्यक्रम का आयोजन




अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। सांप्रदायिक सौहार्द एवं सद्भाव का प्रतीक तकिया मेला में रविवार को मेला प्रशासनिक कैंप परिसर में गायकों ने आल्हा प्रस्तुत कर लोगों को रोमांचित किया। श्रोताओं ने भी उन्हें जमकर सराहा। आल्हा सम्मेलन का उद्घाटन उपजिलाधिकारी ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। तकिया मेला में पुरानी परंपरा के तहत संस्कृत विभाग के द्वारा जवाबी आल्हा कार्यक्रम का आयोजन हुआ हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक तकिया मेला में वर्ष 2023 की पूर्व संध्या रविवार को संस्कृत विभाग के सचिव सुनील कुमार दीक्षित के द्वारा आयोजित जवाबी आल्हा कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें राम लखन यादव व जानकी गुप्ता के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया आए हुए कलाकारों को मेला अधिकारी/ उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी ने प्रमाण पत्र दिए।

# जनपद की 20 ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन संचालित की जा रही है भारत संकल्प यात्रा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त 10 सचल वाहनों द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित की जा रही है। यह यात्रा जनपद के 10 विकास खण्डों की 20 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक दिवस संचालित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि ग्राम पंचायत में निवासित जन समूह को जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ जन -जन तक पहुंचाना। विकसित भारत संकल्प यात्रा की आज की कड़ी में जनपद में के सिकन्दर पुर सिरोसी, सिकन्दर पुर करन, सुमेर पुर, पुरवा, हसनगंज, मियागंज, गंजमुरादाबाद, सफीपुर, विछिया, असोहा बांगरमऊ कुल दस विकास खण्डों के बीस ग्राम पंचायतों को आच्छादित किया गया। आज के आयोजन जनपद के सभी विकास खण्डों में लगभग 22000 स्थानीय निवासियो ने प्रतिभाग कर वर्ष 2047 भारत देश को विकसित करने का संकल्प लिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान ग्राम पंचायत में निवासित ग्रामवासियों तक जनपद में संचालित योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से राज्व विभाग, सहकारिता, कृषि विभाग, स्वास्थ विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्राम्य विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, जिला अग्रणी बैंक, पशुपालन विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग के तत्वावधान में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के किसानों की ई-केवाईसी,एनपीसीआई, भू-अंकन एवं किसानों का ओपेन सोर्स के लगभग 120 किसानों की समस्याओं का समाधन किया गया तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत के 5 किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि भेजे जाने का प्रमाण दिया गया। विकास खण्ड असोहा के ग्राम पंचायत पाठकपुर में सांसद उन्नाव स्वामी डा हरि सच्चिदानन्द साक्षी जी महाराज, विकास खण्ड सफीपुर के ग्राम पंचायत अम्हारा में विधायक सफीपुर बम्बा लाल दिवाकर, विकास खण्ड हसनगंज के ग्राम पंचायत सिंगनापुर एवं पिलखना रशीद में ब्लाक प्रमुख मा. विधायक बृजेश रावत, विकास खण्ड सिकन्दर करन के ग्राम पंचायत सुपारी में मा. विधायक भगवन्त नगर आशुतोष शुक्ला ने प्रतिभाग कर किसाना उपस्थित जन-समुह की समस्याओं से अवगत हुए तथा जिन समस्याओं का निदान तत्काल सम्भव था उसका निदान करवाये अन्य समस्याओं का अतिशीघ्र निदान कराने का आश्वासन दिये।

# सात वर्षों से बंद पड़ी है पानी की टंकी बूंद बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

अमनलेखनी समाचार/नरेश मिश्रा



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतर्गत एक गाँव मे करीब सात वर्षों से पानी की टंकी बंद पड़ी होने से क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा है।मामला जमीपुर गाँव मे बनी पानी की टँकी का है। इस पानी की टंकी से जमीपुर,किसाखेड़ा, पटकाखेडा ,स्वामीखेड़ा, चौहानखेड़ा,बिरवार,गढ़ी, कलुवाखेड़ा , सहित कई गाँवो की सप्लाई होती थी। ग्रामवासियों का कहना सरकार जहा एक तरफ हर घर जल योजना पर कार्य कर रही है वही दूसरी तरफ पहले से बनी पेयजल परियोजनाओं को ध्यान न देकर ये परियोजनाये भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इस पानी की टंकी के परिसर में वह कमरा जिसमे मोटर चालू करने का स्टार्टर व अन्य विधुत उपकरण है उस कमरे में करीब एक दर्जन लोहे की पाइपें भी पड़ी है। इस कमरे में न कोई ताला है न ही परिसर में कोई कर्मचारी नियुक्त है। ये समान कब चोरी हो जाये कहा नही जा सकता। इन गाँवो में पानी के लिए लोग दूर दूर से पानी ढोकर लाते हुए देखे जा सकते है। यही हाल ग्राम सभा छाछी राईखेडा में पानी सौर ऊर्जा संचालित पानी की टंकियों का है। इन पानी की टंकियों को अभी पाँच साल भी नही हुए लेकिन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। जमीन में डाली गई पाइप लाइन इतनी खराब क़्वालिटी की है कि जगह जगह से लीक हो गयी। करीब तीन साल से यह पानी की टंकियां बंद पड़ी हुई है।

# चौपाल का आयोजन कर छात्रों और अभिभावकों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खण्ड सुमेरपुर की ग्रामसभा सुमेरपुर के कम्पोजिट विद्यालय सुमेरपुर में निपुण भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु जन भागीदारी एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु शिक्षा चौपाल के मुख्य अतिथि एआरपी रवि शंकर पाण्डेय एवम् विशिष्ट अतिथि लोकेश की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षा चौपाल का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एआरपी रवि शंकर पाण्डेय एवम् विशिष्ट अतिथि लोकेश मिश्रा और विद्यालय की इंचार्ज शिक्षिका वन्दना दीक्षित ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उसके पश्चात एआरपी लोकेश मिश्रा एवम्रवि शंकर पाण्डेय को माल्यार्पण एवम्पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। आयोजित चौपाल के मुख्य अतिथि एआरपी रवि शंकर पाण्डेय ने चौपाल में उपस्थित अभिभावकों से बातचीत करते हुए उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली समस्त सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य हैं इसलिए हम लोगो द्वारा बच्चो को अन्य कार्यों में न लगाकर नियमित पढ़ने के लिए विद्यालय भेजना चाहिए। जिससे वे राष्ट्र का सुनहरा भविष्य बन सके। अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को एआरपी रवि शंकर पाण्डेय एवम् विशिष्ट अतिथि लोकेश मिश्रा ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। एआरपी लोकेश मिश्रा ने विभागीय योजनाओं जैसे डीबीटी व कायाकल्प आदि की विस्तार से जानकारी दी। जिसमें डीबीटी के तहत अभिभावकों के खाते में 1200 रुपए की धनराशि भेजी जा रही है। जिसमें 600 रुपए 2 जोड़ी यूनिफॉर्म, 125 रूपए जूता मोजा, 175 रुपए बैग 200 रुपए स्वेटर व 100 रुपए स्टेस्नरी खरीदने हेतु प्रदान भेजे जा रहे हैं। जिन्हे अन्य कार्यों मे खर्च न किया जाय। शिक्षा चौपाल में गनेशवती, पियारा, सुनीता ममता देवी, रमा देवी, मोहित, रचना, नीलू शन्नो देवी, आशाराम, उमा शंकर समेत आदि अभिभावक गण एवम् शिक्षिकाएँ मौजूद रहीं।

# वृद्धाश्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। रोटरी क्लब के तत्वावधान में तकिया निगोही, उन्नाव स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की देखभाल से संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धाश्रम में लगभग 107 वृद्धजन निवास करते है जिसमें अधिकांश जनपद के एवं कुछ निकट जनपदों के वृद्धजन है।कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुति करण किया गया जिसमें उनके द्वारा हारमोनियम एवं ढोलक के माध्यम से भजन एवं नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों को कम्बल का वितरण रोटरी क्लब के माध्यम से किया साथ ही ठंड से बचाव के लिए से संस्था के कोषाध्यक्ष ओ पी तिवारी के द्वारा गैस गीजर एवं हीटर उपलब्ध कराया गया। क्लब के द्वारा सभी वृद्धजनों को स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।पी डी जी अरविंद कमल ने वृद्धाश्रम की सफाई व्यवस्था एवं उनको दी जा रही सुविधाओं की प्रशंसा की एवं उन्होंने कहा कि वृद्धजनों की सेवा से बड़ा कोई पुनीत कार्य नही है। क्लब के सचिव नीरज निगम ने वृद्धाश्रम की देखभाल कर रहे प्रबन्धक पी ए सिंह एवं अन्य कर्मचारियों का आश्रम की सुचारू व्यवस्था हेतु धन्यवाद दिया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष विकास कपूर, रो प्रेम कुमार सिंह, हरि मोहन निगम सहित अनेक रोटेरियन साथी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में ग्राम प्रधान के पुत्र की हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



नवाबगंज, उन्नाव। सोहरामऊ थाना अंतर्गत कुशहरी ग्राम के पास एक स्कार्पियो अनियन्त्रित होकर पेड़ से टकरा गई। स्कार्पियो चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस व ग्रामीणों की मदद से उसे अस्पताल भेजा गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार आशाखेड़ा प्रधान पति निजामुद्दीन के पुत्र फैयाज उम्र 22 वर्ष स्कार्पियो में हवा डलाने की बात कहकर सुबह 8 बजे घर से निकला था। गाँव से 2 किलोमीटर दूर नेशनल हाइवे पर लखनऊ से कानपुर की तरफ कुशहरी गाँव के सामने वाहन क्षतिग्रस्त अवस्था मे मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुची पुलिस व ग्रमीणों की मदद से किसी तरह फैयाज को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुँचे परिजन उसे इलाज के लिये आनन फानन लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए। जहाँ 4 घंटे चले इलाज के बाद फैयाज की मौत हो गई। फैयाज अपने चार भाइयो में दो से छोटा व एक भाई से बड़ा था। मौत की सूचना घर पहुँचते ही कोहराम मच गया। एक तरफ जहाँ बेटे की मौत से पिता निजामुद्दीन माँ सोफिया बदहवास है तो वही भाई रिजवान रियाज व अयाज का रो रो कर बुरा हाल है।

# चोरों ने पार की बाजार आए युवक की बाइक

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। बाजार में सब्जी लेने गये युवक की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर उठा कर रफूचक्कर हो गये। पीड़ित ने इधर उधर ढूढा पता नही चला, मायूस होकर थाने में प्रार्थना पत्र देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका ।

औरास थाना क्षेत्र के सीमऊ गांव निवासी चंदिका पुत्र छंगा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दोपहर के बाद लगभग 3:00 बजे अपनी हीरो की पैशन प्रो मोटरसाइकिल से कस्बा औरास में लगने वाली बाजार में सब्जी खरीदने आया था वही वह मोटरसाइकिल खड़ी करके सब्जी लेने लगा उसी समय घात लगाए बैठे अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल उठा कर रफूचक्कर हो गए वापस लौट कर गाड़ी खड़ी ना देख होश उड़ गए काफी देर इधर-उधर ढूंढने के बाद भी गाड़ी नहीं मिली वही युवक मायूस हो गया मौके पर पहुंचकर पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका पीड़ित ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देखकर कार्यवाही की मांग की है।हालांकि खबर लिखे जाने तक बाइक का सुराग नहीं लग सका था।

# आखिर किसके इशारे पर बार-बार बेशकीमती भूमि पर होता है निर्माण

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। नगर मे हरदोइ उन्नाव राजमार्ग के किनारे शंकरी देवी मंदिर के निकट भूमाफिया द्वारा ठाकुर जी महाराज राम जानकी मंदिर की बेस कीमती भूमि पर कब्जा अवैध निर्माण तहसील की मिली भगत से और लुका छिपी और मूक अनुमति शह पर धडल्ले से अवैध निर्माण किया जा रहा है। तहसील प्रशासन हटो बचो की ढुलमुल नीति अपनाये शासन प्रशासन नियम कानून को धता बता रहा है ।इधर एक सप्ताह मे तीन बार कार्य रुकवाया और बार बार सुरु करा दिया ।रविवार को रोक के बावजूद मन्दिर की भूमि पर अवैध कब्जा निर्माण भूमाफिया द्वारा तीसरी बार फिर से जोरो पर सुरु करा दिया गया। लेखपाल सहित तहसील अधिकारी मूक बने हाँथ पर हाँथ धरे बैठे रहे लेकिन जैसे ही मामला डीएम महोदया के संज्ञान मे पहुचा तो उन्होने गम्भीरता से लेते हुये एसडीएम को निर्देशित किया तब कही जाकर जरिये पुलिस मंदिर भूमि पर किये जा रहे अवैध निर्माण को रोका गया। यह मामला नगर समेत क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना है। लोग हल्का लेखपाल समेत तहसील प्रशासन को कठघरे मे खडा कर रहे है ।योगी राज मे भी मन्दिर की भूमि सुरक्षित नही है ।कहाँ है योगी राज का भूमाफिया अधिनियम अभी तक कार्यवाही भूमाफिया के खिलाफ क्यो नही हुई क्यो तहसील प्रशासन भूमाफिया पर मेहरवान है ।यह यक्ष प्रश्न सभी के जुबान और दिमाग मे कौध रहा है ।ज्ञात हो एक साल पूर्व जब इस कब्जेधारक ने कब्जा निर्माण सुरु किया था तो शिकायत पर डीएम के हस्त्क्षेप के बाद एसडीएम ने निर्माण कार्य रुकवा कर बिस्तृत जांच आख्या डीएम को प्रस्तुत की थी जिसमे कब्जेधारक को अवैध करार देते हुये भूमि मंदिर की होना बताया था ।लेकिन बिना किसी आदेश अनुमति के भूमाफिया ने 5 दिन पूर्व फिर निर्माण कार्य सुरु कर दिया। जिला जज और डीएम के आदेशों का खुला उलन्घन किया जा रहा है। मालूम हो कि कस्बे के निवासी रामचरन पुत्र रघुनंदन प्रसाद अवस्थी ने वर्ष 1936 मे एक डीड श्री ठाकुर जी महाराज राम जानकी मंदिर के ट्रस्ट के नाम लिखी थी जिसके सर्वराकार क्रमशः एक के बाद एक मृतक होते गए और करीब 40 साल से मंदिर का कोई सर्वराकार नही है। फिर भी 16 जून 1981 को बाबुलाल नामक एक सर्वराकार ने अनियमित तरीके से 4 लोगो को रैयतनामा 99 वर्षीय पट्टा कर दिया। जबकि गौर तलब है कि एक इसी के वाद मे न्यायालय जिला जज उन्नाव ने अपने आदेश दिनाक 31 मई 1983 को बाबुलाल द्वारा की गई सभी डीड रैयतनामे पट्टो को खारिज करते हुये नई समिति गठित करने और दो माह के भीतर 1 अगस्त 1983 तक न्यायालय मे नव गठित समिति की सूची दाखिल करने के सख्त आदेश दिये थे ।लेकिन जिला जज के आदेश के अनुपालन मे नई समिति का अभी तक गठन नही किया गया इसके बावजूद एक चौथे पट्टेधारक रैयतनामी कैलाश नाथ द्विवेदी पुत्र रामासरे ने 13 अप्रैल सन 2000 को कस्बा निवासी अनिल कुमार पुत्र ओंकार नाथ को अनाधिकार अनियमित तरीके से रैयतनामा लिख दिया। इसी को आधार बनाकर अनिल कुमार मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा निर्माण तहसील की मिली भगत से धडल्ले से कर रहा है ।जबकि गत 9 जनवरी 2023 को डीएम से शिकायत की गई जिसे गम्भीरता से लेते हुये मौजूदा डीएम अपूर्वा दुबे ने एसडीएम को मंदिर भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने और मामले की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिये थे जिसपर तात्कालीन शिवेन्द्र वर्मा एसडीएम ने निर्माण कार्य रोक्कर टीम गठित कर पैमाइश कराई और जान्च आख्या डीएम को प्रस्तुत की थी। जिसमे निर्माण कार्य रोक्कर भूमि मन्दिर ट्रस्ट की बताई गई कोई ट्रस्टी जीवित नही है । लेकिन इसके वावजुद भी दबंग सांठ गाँठ करके उसी मन्दिर की भूमि पर धडल्ले से अवैध कब्जा निर्माण कर रहा था। शिकायतो पर तह्सील प्रशासन निर्माण कार्य को रोकने मे कन्नी काटता रहा और 5 दिनो मे दो बार कार्य रुकवाया और फिर सुरु करा दिया जाता रहा यह लुका छुपी का खेल लेखपाल व तहसील अधिकारी खेलते रहे । रविवार को पुन तीसरी बार निर्माण कार्य सुरु हुआ तो लेखपाल इधर उधर की बात करके टालते रहे एसडीएम ने फोन उठाने से ही परहेज कर लिया। तो मामला डीएम के सज्ञान मे डाला गया तो उन्होने तहसील अधिकारियो की लम्बी क्लास ली और कार्यवाही के आदेश दिये। बस फिर क्या था तहसील प्रशासन आनन फानन हरकत मे आया और जरिये पुलिस राम जानकी मन्दिर ट्रस्ट भूमि पर किये जा रहे अवैध निर्माण को रुकवा दिया गया । लेकिन बार बार रोक के बाद भी अवैध निर्माण करने वाले के खिलाफ तह्सील प्रशासन व लेखपाल द्वारा भूमाफिया अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही क्यो नही की जा रही है यह चर्चा का विषय बना है ।बताते चले कि मंदिर ट्रस्ट की भूमि के ट्रस्टी रामचरन ने अपनी ट्रस्ट डीड मे स्पश्ट लिखा है की कोई भी सर्वराकार मंदिर ट्रस्ट की भूमि और सम्पत्ति को खुर्द बर्ड अर्थात क्रय विक्रय या नष्ट नही कर सकता है और जब कोई सर्वराकार न हो तो इस मंदिर ट्रस्ट के मालिक जिला जज बहादुर होगे ।लेकिन फिर भी भुमाफियाओ ने मन्दिर की भूमि फर्जिवाडा के जरिये अनियमित रुप से रैयत्नामा कर सम्पत्ति भूमि खुर्द बूर्द कर दीगई है नियमानुसार डीड के अनुसार इस ट्रस्ट का स्वामित्व जिला जज महोदय का है फिर भी तहसील प्रशासन मन्दिर की भूमि सुरक्षित नही कर रहा है ।

## चिंतन

# कांग्रेस को अपने अतीत से सबक लेने की जरूरत

आज कांग्रेस ने जब अपना 139वां स्थापना दिवस मनाया है, वह अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। आजादी के आंदोलन से लेकर स्वतंत्र भारत के निर्माण में सरकार के रूप में योगदान तक कांग्रेस का शानदार अतीत रहा है। कांग्रेस ने राष्ट्र को एक से बढ़कर एक नेता दिए, भारत को एक राष्ट्र के रूप में सिंचित व समृद्ध किया, धर्मनिरपेक्ष भारत की अवधारणा को मजबूत किया, राजनीति में शांति, सहअस्तित्व व समावेशी मूल्यों को स्थापित किया। आज भारत जहां है, जैसा है, विश्व में उसकी जो भी पहचान है, जितनी बड़ी भी आर्थिक व सामरिक शक्ति है, उसमें कांग्रेस के योगदान को कमतर करके नहीं आंका जा सकता है। लेकिन 1885 से अपनी 138 वर्ष की राजनीतिक यात्रा में आज वर्ष 2023 के आखिरी दिनों में कांग्रेस जिस मोड़ पर खड़ी है, दो दशक से पहले तक के किसी भी कांग्रेस नेता ने इसकी कल्पना तक नहीं की होगी। आज की कांग्रेस अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही है। नीतिगत रूप से, वैचारिक रूप से, नेतृत्व के रूप से व राजनीतिक ताकत के रूप से देखें तो कांग्रेस की कहीं भी दमदार उपस्थिति नहीं है। अभी अभी तीन राज्यों में करारी हार मिली है। पिछले 32 चुनावों से राहुल गांधी की छत्रछाया में कांग्रेस हारती आ रही है। आज कांग्रेस के पास न देशव्यापी संगठन है, न सर्वमान्य राष्ट्रीय नेता है, न उसके पास राष्ट्रीय एजेंडा है, न नीति है, न रीति है, न वह यूपीए को संभाल सकी। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन जरूर बनाया है, तो वह भी कई वैचारिक व सांगठनिक संकटों से गुजर रहा है। आज की कांग्रेस सबसे अधिक दिग्भ्रमित प्रतीत हो रही है। कांग्रेस इस दुविधा में है कि वह गांधी परिवार के साथ आगे बढ़े या मल्लिकार्जुन ख्ररगे जैसे वफादार के साथ। राहुल गांधी की हरकतों से कांग्रेस की प्रतिष्ठा और धूमिल ही हो रही है। स्थापना दिवस पर कांग्रेस ने नागपुर से रैली की है, जिसमें उसने वैचारिक रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को ललकारने की चेष्टा की है। कांग्रेस के अघोषित सर्वेसर्वा राहुल गांधी ने संघ के मुख्यालय नागपुर में रैली कर अपनी पार्टी की वैचारिकता को रखने की कोशिश की है कि कांग्रेस संघ के विचारों के खिलाफ है। शायद कांग्रेस भूल रही है कि एक संगठन के रूप में संघ भारत में वटवृक्ष बन चुका है और भारत, भारतीयता व राष्ट्रवाद का प्रतीक बन चुका है। भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण में संघ के सतत योगदान के लिए राष्ट्र हमेशा उसका कृतज्ञ रहेगा। भारतीय संस्कृति, भारतीय पहचान, भारतीय ज्ञान व भारतीय विरासत के प्रति गर्वबोध कराने में संघ ने हमेशा उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। कांग्रेस संघ की वैचारिक आलोचना कर सकती है, लेकिन उसे याद रखना होगा कि नेहरू से लेकर इंदिरा तक ने संकट के समय संघ के योगदान के महत्व को समझा था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्थापना दिवस पर कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में काम किया है जो संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित हो। आज के भारत में लोकतंत्र संविधान के अनुरूप कार्य कर रहा है। कांग्रेस सत्ता में नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि देश में लोकतंत्र नहीं है, मौलिक अधिकार नहीं है या समानता व स्वतंत्रता के अधिकार नहीं हैं। 21वीं सदी के आकांक्षी भारत में अगर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी जाति जनगणना जैसे दकियानूस मुद्दों की वकालत करते हैं, तो युवाओं का भरोसा कांग्रेस के प्रति कैसे जगेगा? कांग्रेस को अपने खट्टे मीठे अतीत से सबक लेकर पार्टी की खोई प्रतिष्ठा को स्थापित करनी होगी।

## नव वर्ष

उमेश चतुर्वेदी



# सोशल मीडिया संसार में बेहतरी की उम्मीद

वर्ष 2010-11 में दुनिया ने दो क्रांतियां देखीं..पहली रही अरब स्प्रिंग के नाम से विख्यात अपेक्षाकृत रूढ़िवादी इस्लामी देशों में हुआ बदलाव...और दूसरी रही, भारत में सिविल सोसायटी का सफल आंदोलन.. दोनों की बुनियाद में सबसे बड़ा योगदान रहा सोशल मीडिया का.. सार्थक सामाजिक हस्तक्षेप की दिशा में सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर उम्मीदों के पहाड़ खड़े हो गए.. मान लिया गया कि दुनिया में गरीबी, अशिक्षा, कुरीति आदि के अंधेरे को खत्म करने में सोशल मीडिया कारगर हथियार होगा सोशल मीडिया पर भरोसा इतना बढ़ा कि उसके जरिए दुनिया में उन अंधेरे कोनों में लोकतंत्र की रोशनी नजर आने लगी, जहां अभी तक लोकतंत्र नहीं पहुंच पाया है। अगर कहीं पहुंचा भी है तो वह पुराने घरों की दीवारों के उपरी कोने में स्थित छोटे रोशनदान की माफिक। सोशल मीडिया से ऐसी उम्मीद बेमानी भी नहीं थी..सोशल मीडिया ने ऐसा किया भी.. लेकिन अब हालात बदल गए है.. उसकी चुनौती बढ़ती जा रही है..सोशल मीडिया का विकास दैत्याकार अंदाज में हो रहा है। सहज-सुलभ तकनीकी विस्तार के चलते उस तक सबकी पहुंच है। इसने सूचनाओं को पहले की तुलना में



कहीं ज्यादा लोकतांत्रिक बनाया है। इस विस्तार के साथ ही एक कमी भी नजर आ रही है। इसे कमी नहीं, खतरा कहना ज्यादा उचित होगा..इसे इस्तेमाल करने वाली शख्सियतों की ठोस जवाबदारी ना होने की वजह से यह जहर के माफिक खतरनाक होता जा रहा है।

आने वाले साल 2024 में सोशल मीडिया समाज और सरकार के लिए बड़ी चुनौतियों की वजह बनेगा...उसमें सबसे बड़ी चुनौती है..डीपफेक की समस्या..इसे हाल ही में स्पेन के एक छोटे शहर अल्मेंद्रलेजो में भी महसूस किया गया..जब पता चला कि वहां की दर्जनों स्कूली छात्राओं के नग्न फोटो स्कूली ग्रुप के फोन में प्रसारित हो गए। जांच में पता चला कि ये फोटो एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए 'कपड़ा उतारने वाले ऐप' के जरिए बनाए गए थे। हाल ही में अपने देश में भी दक्षिण भारत की मशहूर अदाकारा रश्मिका मंदाना के अश्लील फोटो डीपफेक तकनीक के जरिए तैयार करके प्रसारित किए गए। पुलिस अभी इसकी जांच कर रही है..लेकिन माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगर इस तकनीक के इस्तेमाल के लिए कड़े कानून और ठोस दिशानिर्देश नहीं बनाए गए तो यह समाज के लिए चुनौती बनकर उभरेगा जिसकी वजह से कानून और व्यवस्था की समस्या खड़ी हो सकती है। सोशल मीडिया के मोर्चे पर दूसरी चुनौती रहेगी उसकी घटती साख। द अटलांटिक में छपे एक लेख के अनुसार, सोशल मीडिया की साख घटेगी। जिसकी वजह से इसके पारंपरिक रूपों मे गिरावट आएगी। सोशल मीडिया का प्लेटफॉर्म एक्स, जिसे अतीत में ट्वीटर नाम से जाना जाता था, में अराजकता और बढ़ेगी। क्योंकि उसका अल्गोरिद्म अराजकता को ही बढ़ावा देता है। इसका असर दूसरे सोशल मीडिया मंचों पर भी दिख रहा है। चूंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की जरूरत सामाजिकता को बढ़ावा देने की है। लेकिन अब तक उपलब्ध माध्यमों में सामाजिकता सीमित हुई है और अराजकता बढ़ी है। पश्चिमी देशों में हुए शोधों से पता चल रहा है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। इसलिए सार्थक संवाद वाले नए प्लेटफॉर्म भी विकसित हो सकते हैं। अराजकता के बाद अब प्रमाणिकता की ओर दुनिया ज्यादा गहरी निगाह लगाए बैठी है। इसलिए अब सोशल मीडिया मंचों पर प्रमाणिक जानकारियों की जरूरत बढ़ेगी। छोटे वीडियो इन दिनों बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। हालांकि उनके विस्तार में अब तक अश्लीलता और अर्धनग्नता को बड़ा कारक माना गया है। अब इसकी ओर रूझान घट रहा है। अब लोग कुछ बेहतर चाह रहे हैं। इसलिए ऐसे वीडियों जो शॉर्ट हों, लेकिन उनके जरिए कुछ सार्थक संदेश मिल रहे हों, आने वाले दिनों में उनकी मांग बढ़ेगी।

# भारत में लुप्त होता परिवार व दाम्पत्य का कन्सेप्ट



विचार

डॉ. सत्यभामा आडिल

भारत में परिवार व दाम्पत्य का कंसेप्ट कहां जा रहा? आइए चिंतन करें!

तेजी से आधुनिकता की ओर जाता भारतीय समाज बहुत कुछ छोड़ता जा रहा है।भारतीय समाज व परिवार टूटने के कगार पर खड़ा हो गया है। ऐसा लगता है कि परिवार नाम का कंसेप्ट लुप्त हो जाएगा!

थोड़ा विचार करें-ऐसी धारणा का क्या कारण है?

हम नारी शिक्षा,समानता,आर्थिक स्वतंत्रता की हिमाकत करते हुए नारी विमर्श करते हैं। यह सब तो ठीक है,पर परिवार क्यों टूट रहा?

शिक्षा के बाद स्वतंत्र रहने की भावना बनती जा रही है। कई लड़कियों से बातचीत व साक्षात्कार के बाद कुछ कारण सामने आए-1- क नामक लड़की विवाह पूर्वकी आजादी चाहती है।

यानी लडकों से बराबर की दोस्ती,उनके साथ घूमना फिरना, सास ससुर के सामने भी उसी तरह रहना उठना,बैठना! भारतीय मर्यादा को वह पिछड़ेपन का प्रतीक मानती है।

2-विदेशी संस्कृति ही आधुनिकता है-यही मानती है। मंदिर जाने की आलोचना करती है।

3-लड़की ख-पूरी तरह नास्तिक है। उसकी सास ने एक दिन कहा कि आज पूजा है, सुंदर साड़ी पहन लो। जेवर भी पहन लो, सज धज के तैयार हो जाओ। मेहमान भी आने वाले हैं। ख -ने अस्वीकार कर दिया। वह लंबे गाउन पहनकर ही बैठी रही। नवविवाहिता बहू को इस तरह मनमानी करते देखकर सास को बहुत दुख हुआ। बेटा भी दुःखी हो गया। इस दिन से दोनों में खट-पट होने लगी। शादी के दस दिन ही हुए थे और मन मुटाव शुरू हो गया!

3-लड़की ग-ने कहा,'वह तो घर के काम में मदद भी नहीं करता'?

'किस तरह'?

'एक टाइम मैं खाना बनाती हूँ, तो दूसरे टाइम उसे बनाना चाहिए?वह नहीं बनाता।

मैं नहीं रह सकती उसके साथ!

हर शाम हम होटल का खाना खाते हैं।'

4-लड़का- घ-ने कहा-'मैं पुरुष हूँ, क्यों खाना बनाऊंगा? खाना बनाना तो - लेडिज का काम है'!

5-लड़का-च-ने कहा-'उसे कमाने का घमंड है। अपने को बहुत बड़ा सोचती है! मैं नहीं रह सकता उसके साथ'!

6-लड़का छ-ने कहा-'उसे पैसा बचाना नहीं आता। बहुत ख़र्चीली है। मेरा नहीं निभ सकता उसके साथ!'

7-लड़का ज-बोला-'उसे मेरी माँ की बात सुननी चाहिए। वह कोई बात मानती ही नहीं! यह अकड़ूपन मैं पसंद नहीं करता!'



8-शादी में विदाई के समय लड़की झ -को उसकी नानी ने समझाइश दी-'देख मुन्नी ,सास ससुर से डरना मत! अपनी पसंद के कपड़े ठसक के साथ पहनना। कोई झुकने की जरूरत नहीं।

तू इंजीनियर है न, बहुत पढ़ी लिखी?अपने शार्ट ड्रेसेस भी पहनना! काहे की शर्म?

बड़े हैं तो अपनी जगह बड़े हैं!' ऐसी सीख देने वाली नानी अपनी नर्स बहू को ,घर पर सिर ढंक कर रहने का आदेश देती है!

आचरण व स्वभाव का यह अंतर्विरोध बहुत समस्या खड़ा कर रहा है?

9-अंतरजातीय व अंतर्धार्मिक विवाद में थोड़ा अंतर है!

आज अन्तरधार्मिक विवाह लव जिहाद के रूप में संकट के प्रतीक बन रहे हैं। पर युवक युवतियों का अपना निर्णय लेना, बिना माता पिता की सहमति के विवाह करना निश्चित रूप से, चिंता का कारण बन रहा है।

हम नारी स्वातंत्र्य का नारा लगा रहे,'बेटा बेटी ' एक समान का नारा लगा रहे, लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दे रहे, नारी की आर्थिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित दे रहे। नारी स्वावलम्बन की दिशा में आगे बढ़ रही, फिर दाम्पत्य टूटने व पारिवारिक विघटन का निदान किस तरह हो सकता है?

ऊपर लिखे शिकायतों के आधार पर तलाक हो रहे हैं। परिवार बन नहीं रहा, टूट रहा है!

क्या समाधान हो सकता है?

परिवार को बचाने व दाम्पत्य के स्थायित्व के लिए क्या किया जाना चाहिए? बहुत गम्भीर व विचारणीय प्रश्न है!

आज भारतीय सामाजिक व्यवस्था जिस संकट से जूझ रही, वह चिंता का विषय है! हम क्या करें? कौन सा रास्ता निकालें?

पहली बात तो यह कि हम घर पर बेटी व बेटा दोनों को समान ढंग से संस्कारित करें। शिक्षा के साथ साथ घरेलू जिम्मेदारियों के निर्वहन में समान भागीदारी निभाएं-ऐसा संस्कारित करें। अब वह समय बीत गया जब लड़की व लड़के के काम अलग अलग होते थे।

दूसरी बात -लड़की का भी सम्मान होना चाहिए। दूसरी ओर, लड़की भी, लड़कों से सम्मानजनक ढंग से पेश आये! हर लड़की जैसे कमतर नहीं होती, उसी तरह हर लड़का भी बदतर/ कमतर नहीं होता! शादी के निर्णय के साथ, यह सब समझ होनी चाहिए—दोनों में। दोनों एक दूसरे के माता पिता का सम्मान करें। बुजुर्गों का सम्मान करें। यह संस्कार दोनों में होना जरूरी है!

यदि पत्नी की कमाई, पति से अधिक है, तो किसी में भी कॉम्प्लेक्स नहीं आना चाहिए। इसे सामान्य रूप से लिया जाना चाहिए! यह शादी के निर्णय से पहले ही सोचें। अभी अभी 5 दम्पति विवाह के 25 साल बाद इसलिए अलग हुए कि पत्नी अधिक बुद्धिमान है, प्रमोशन हो रहा, उच्च पद पर है। अपने बेटे / बेटी के साथ अलग होकर दूसरा विवाह कर ली। दूसरे पति ने उसके बेटे,/बेटी को अपना लिया!

समाज में ऐसा सामाजिक परिवर्तन आ रहा है - क्या इससे भारतीय पारिवारिक/दाम्पत्य जीवन का विकल्प ध्वस्त नहीं हो रहा?

क्या अच्छा है? क्या बुरा? यह तो भविष्य में पता चलेगा! पर टूटता दाम्पत्य-चिंता का विषय अवश्य है!

माता पिता अपने बेटे व बेटी को सहयोग करें।

यदि दोनों में किसी बात पर मनमुटाव हो तो उन्हें समझाने का सकारात्मक प्रयास करें, न कि तलाक के लिए उकसायें! जिस तरह माता पिता द्वारा तय किये गए विवाह में उनका साथ देते हैं,उसी तरह अपनी पसंद से किये गए विवाह में भी, माता पिता सहयोग करें। बेटे बेटी को अकेला न छोड़ें! माता पिता के आशीर्वाद की छाया बनी रहनी चाहिए! एक नैतिक दायित्व का निर्वाह करें! किसी भी स्थिति में उन्हें अकेला न छोड़ें! यह सोचना कि 'उनकी पसंद,उनका निर्णय,- वे जानें'ऐसा दृष्टिकोण न बनाएं!

परिवार के लुप्त होते कन्सेप्ट में एक नई जीवनशैली भी आ गयी है- 'लिव इन रिलेशन'! नई पीढ़ी की स्वतंत्र सोच को हवा देने में यह 'लिव इन' की नई जीवन शैली आगे बढ़ रही है! यह परिवार को तोड़ती हुई युवापीढ़ी को स्वछंद बना रही! उनके जीवन के स्थायित्व पर प्रश्नचिन्ह खड़ी कर रही तत्कालीन आनन्द के लिए 'लिव इन' की ओर जाना उनके भविष्य को अनिश्चित बना देता है। यह भारत के सुखद पारिवारिक जीवन के विरुद्ध जीवन शैली है यहां परिवार लुप्त हो जाता है। यह यायावर की जिंदगी है। यदि बच्चे हुए तो वे किधर,कहां जाएंगे? उनकी परवरिश कौन करेगा? तात्कालिक शारीरिक आनन्द के लिए परिवार के सुदृढ स्तम्भ को गिराना/नकारना गलत है! भारतीय समाज में पारिवारिक व दाम्पत्य जीवन का सुरक्षित खम्भा धाराशायी होने के कगार पर है।

आज चहुं ओर एकल परिवार रह रहा है। पहले कृषिजीवन व व्यावसायिक जीवन में संयुक्त परिवार होता था, तब इतनी समस्याएं नहीं होती थीं। पर अब विभिन्न तरह की शिक्षा पद्धति व नौकरी के कारण युवा वर्ग बाहर नोकरी पर जा रहे, विदेश में भी रह रहे, तो जीवन शैली पूरी तरह बदल रही है।

यहां तक कि घर का किचन/रसोई भी लुप्त होता जा रहा! बाहर होटल परिसर का बना बनाया भोजन सरलता से उपलब्ध है, तो रसोई में भी मेहनत नहीं चाहते!, ये बहुत सारे कारण हैं- जिनसे हमारा परिवार व दाम्पत्य - लुप्त होता जा रहा। ऊपर से 'लिव इन'- एक जिहाद के रूप में घर कर रहा।

'लिव इन' व 'लव जिहाद' आज भारत की सबसे बड़ी सामाजिक समस्या बन गयी है। भारतीय जीवन शैली पर पाश्चात्य संस्कृति व जीवन शैली का प्रभाव जबरदस्त ढंग से पड़ रहा है। हमें चिंतन की जरूरत है। युवा पीढ़ी ने आस्था भी खो दी है। नास्तिक होना फैशन बन गया है। यही आधुनिक होने की परिभाषा भी बन गयी है! स्वछंदगामी युवा पीढ़ी को अंकुश व मर्यादा में लाने का मार्ग तलाशें! पूरे देश के हर वर्ग का दायित्व है यह।

# जानिए कैसे चेतना को विस्तृत करता है योग?



संकलित

**दर्शन**

योग के आठ अंग हैं और उनमें से मात्र एक अंग है शारीरिक मुद्राएं या आसन। योग मात्र व्यायाम नहीं है, इसमें मुख्य बात मन की समरसता को बनाए रखना है। जब आप कोई भी कार्य सजगता से करते हैं, तब आप इस बात के प्रति सजग होते हैं कि आप क्या कह रहे हैं। यही आपको योगी बनाता है। योग के प्रतिपादक पतंजलि ने बताया है कि योग का उद्देश्य दुख को आने से पहले ही दूर कर देना है। लालच, क्रोध, जलन, घृणा, निराशा आदि नकारात्मक भावनाओं को योग से मिटाया जा सकता है। जब आप खुश होते हैं, तब आप अपने भीतर एक विस्तार की भावना का अनुभव करते हैं। विफलता या अपमान की स्थिति में लगता है कि हमारे भीतर कुछ सिकुड़ गया है। इस पर ध्यान देना ही योग है, जिसका हमारे खुश हो जाने पर विस्तार होता है और जो हमारे दुखी हो जाने पर सिकुड़ जाता है। मन की इस स्थिति को परिवर्तित करने का रहस्य योग में है। यह आपको स्वतंत्र बनाता है। अपनी ही भावनाओं के द्वारा पीड़ित होने के बजाय आप जिस समय जैसा महसूस करना चाहते हैं, योग उसके लिए आपको शक्ति प्रदान करता है। योग निश्चित रूप से आपको अधिक जिम्मेदार बनाता है, क्योंकि योग से आपके भीतर ऊर्जा एवं उत्साह उत्पन्न होता है। आप तब जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते हैं, जब आप थके हुए और तनावग्रस्त होते हैं। यदि आपने अपनी थकान और तनाव को संभाल लिया, तब आप निश्चित रूप से अधिक जिम्मेदारी उठाएंगे और आपके भीतर हल्कापन भी बना रहेगा। *-श्री श्री रविशंकर*

# मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित

**प्रेरणा**

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी-सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़िया कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारों कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### साइबर अपराध रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम

हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी छोटे-बड़े प्राइवेट बैंकों को यह सुझाव दिया है कि सभी साइबर सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। इसके लिए सभी बैंकों को 24 गुणा 7 हेल्पलाइन अपने उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवानी चाहिए और सभी फोन नंबर जो हेल्पलाइन के लिए उपलब्ध करवाए जाएं, वो भी हर वक्त दुरुस्त रहें और फ्री रहें। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ने अपना हेल्पलाइन नंबर मुफ्त सुविधा से वंचित रखा है। यहां कॉल करने के लिए एक मिनट के लिए लगभग 2 रुपए पड़ते हैं। हमारा देश डिजिटल लेन-देन की ओर कदम तो बढ़ा चुका है, लेकिन कुछ साइबर चोर इसकी राह में ठगी करके बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। देश में दिन-प्रतिदिन साइबर ठगी की खबरें पढऩे और सुनने को मिल रही हैं।

*– महेंद्र दीवान, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### प्रभावशाली आवाज



2023 को यादगार बनाते हैं। इस वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में प्रभावशाली जी20 का नेतृत्व किया और एक ऐसे भविष्य के लिए मंच तैयार किया जहां भारत वैश्विक दक्षिण की प्रभावशाली आवाज के रूप में उभरेगा।

-स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री

### युवाओं की पीड़ा



अस्थायी भर्ती के लिए लाई गई अग्निवीर योजना की आड़ में सेना एवं एयरफोर्स की 'स्थायी भर्ती प्रक्रिया' को रद्द कर सरकार ने युवाओं की मेहनत पर पानी फेर दिया। इन छात्रों की पीड़ा शायद मुख्यधारा में जगह न बना सके।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### राम सेतु की प्राण प्रतिष्ठा



मेरे पिछले ट्वीट के लाखों रीट्वीट में से कई लोगों ने मुझसे भगवान श्री राम द्वारा राम सेतु प्राण प्रतिष्ठा पूजा करने का उल्लेख करने के लिए कहा है। यह कितने लोग जानते हैं?

-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता

### बहुत शानदार, लाजवाब




अभिनव बिन्द्रा शूटिंग रेंज हॉल में यह मुझे प्रेरित करने के लिए पर्याप्त था जब मैंने अपनी तीसरी कोशिश में बुल्सआई मारा। मुझे ऐसा लग रहा था कि कुछ भी हो सकता है। वहां पूर्वी चंदेला ने मुझे खासकर बहुत प्रभावित किया। वो बहुत शानदार, लाजवाब हैं। जय हो।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# भारत-रूस संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं : पुतिन

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि दुनिया में 'वर्तमान उथल-पुथल' के बावजूद रूस के भारत और उसके लोगों के साथ संबंध 'लगातार आगे' बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत में अगले आम चुनाव के बाद भले 'कोई भी राजनीतिक समीकरण' बने लेकिन दोनों देश अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को बनाए रखेंगे। पुतिन ने यह टिप्पणी बुधवार को तब की जब विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने क्रेमलिन में उनसे मुलाकात की। पुतिन ने कहा, ''हमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक दोस्तों, भारत और भारतीयों के साथ संबंध लगातार आगे बढ रहे हैं।''



## ऑफ बीट

# त्वचा विज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है

तो आप अपनी टैटू वाली त्वचा की देखभाल कैसे करते हैं? यहां आपको सनबर्न, पसीना और रंग फीका पड़ने के बारे में जानने की जरूरत है।



त्वचाविज्ञान की दृष्टि से टैटू क्या है? टैटू की स्याही त्वचा की परत जिसे डर्मिस कहा जाता है, में जमा होती है। इस परत में पसीना और तेल ग्रंथियां, रक्त आपूर्ति, प्रतिरक्षा कोशिकाएं, त्वचा की संरचनाओं का समर्थन करने के लिए कोलेजन और फाइब्रोब्लास्ट होते हैं, जो कोलेजन का उत्पादन करते हैं। फ़ाइब्रोब्लास्ट स्याही के कणों को ग्रहण करते हैं, जैसे कि त्वचा ऊतक में प्रतिरक्षा कोशिकाएं जिन्हें मैक्रोफेज कहा जाता है। स्याही के कण कोलेजन के बंडलों के अंदर भी चिपक जाते हैं।

## संक्षेप

### गाँव के समीप गन्ने के खेत में बाघ ने बनाया नीलगाय को निवाला दहशत

**ककरहा रेंज के रामसहाय पुरवा गांव का मामला**

**अमन लेखनी समाचार**

मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज ककरहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपिया के मजरा रामसहाय पुरवा गांव के निकट स्थित गन्ने के खेत में एक नीलगाय को जंगली हिंसक जानवर ने अपना निवाला बना लिया। रविवार सुबह जब ग्रामीण खेत की ओर गए तब देखा कि एक नीलगाय मृत अवस्था में पड़ी हुई है जिसको किसी हिंसक जानवर ने अपना शिकार बनाकर आधा खा लिया है। गांव निवासी व भाजपा कार्यकर्ता रामादल मौर्य ने बताया कि हमारे घर से महज सौ मीटर की दूरी पर स्थित गन्ने के खेत में एक नीलगाय को जंगली हिंसक जानवर ने अपना निवाला बनाया है देखकर ऐसा लग रहा है कि यह शिकार बाघ के द्वारा किया गया है उसके आसपास बाघ के पंजे के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई है लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा है। गांव के किनारे घटित हुई इस घटना से ग्रामीणों में दहशत है कि बाघ कहीं घरों में ना घुस जाए जिससे कोई अनहोनी हो जाए। सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों में दहशत है।

### एसपी के निर्देश पर नववर्ष के दृष्टिगत चलाया चेकिंग अभियान

**अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित**

भरुआ, सुमेरपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दोपहर में थानाध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ कस्बे के होटलों, ढाबों, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन, शराब ठेकों आदि में सघन चेकिंग अभियान चलाकर अराजकतत्वों पर निगाह रखने के निर्देश दिए हैं।रविवार को दोपहर में पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा के निर्देश पर थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज ने कस्बे के बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन, शराब ठेकों, होटलों, ढाबों आदि में सघन चेकिंग अभियान चलाकर अराजक तत्वों को होटलों, ढाबों मे न बैठाने के सख्त निर्देश दिए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि रात में भी सख्त अभियान चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान क्राइम इंस्पेक्टर आरके यादव, कस्बा इंचार्ज प्रमोद त्रिपाठी, फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### सुलतानपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत

सुलतानपुर, सुलतानपुर में परिवार के सदस्यों को लेने जा रहा एक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना हलियापुर-कूरेभार मार्ग पर हलियापुर थाना क्षेत्र की है। हमिली जानकारी के अनुसार बल्दीराय थानाक्षेत्र के बीही निदूरा निवासी नरसिंह सरोज (25) पुत्र श्रीनाथ बाइक से परिवार के कुछ लोग जो बाहर से आ रहे थे।

# श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश की निकली शोभा यात्रा

**जन,जन को जगाना है रामराज लाना है इस पवित्र उद्वेश्य को लेकर विहिप, बजरंग दल और आरएसएस के साथ गायत्री परिवार के कार्यकर्ता अक्षत कलश यात्रा में हुए शामिल**

**अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी**



फतेहपुर । जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत खजुहा कस्बे में-अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभा यात्रा निकाली गई।आपको बताते चलें कि 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो होगी . प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुभ मुहूर्त का क्षण 84 सेकंड का मात्र होगा जो 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक होगो खजुहा कस्बे में श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई।कलश शोभा यात्रा मां पंथेस्वरी धाम से निकल कर पूरे कस्बे में भ्रमण करते हुए राम जानकी पंचायती ठाकुर द्वारा में समाप्त हुई। इस कलश यात्रा का मुख्य उद्देश्य रामलला प्रतिष्ठा को लेकर घर घर निमंत्रण पहुंचाना है । इस अवसर विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग कार्यवाह ज्ञानेंद्र जिला प्रचारक योगेंश जिला सह प्रचारक अरुण जी जिला कार्यवाह बिंदेश्वर जिला सह कार्यवाह सोमदेव जिला संपर्क प्रमुख अरविंद पाल जिला सद्भावना प्रमुख संजय श्रीवास्तव ,तथा विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, ,प्रांत निधि प्रमुख, अमित

प्रांत सह परावर्तन प्रमुख अनिल प्रांत सह परियोजना प्रमुख राजेंद्र,जिला अध्यक्ष डॉ विजय शंकर मिश्रा,जिला कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल जिला मंत्री लोकेश जी गुप्ता साह,जिला संयोजक बजरंग दल राहुल अग्निहोत्री ,गौरव सिंह आयुष द्विवेदी,दुर्गा वाहिनी की संगीता तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे, वही सीपीएस बकेवर ,चंद्रशेखर स्कूल के बच्चो ने रैली में सम्मलित हुए।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए फाइव स्टार फाउंडेशन ने चलाया जागरूकता अभियान

**यातायात नियमों का पालन करने से ही दुर्घटनाओं में आयेगी कमी: विपिन मौर्य**

**अमन लेखनी समाचार**



मोतीपुर, बहराइच। फाइव स्टार फाउंडेशन की ओर से 31 दिसंबर को अंबेडकर पार्क उर्रा के पास जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया तथा गाड़ियों पर जागरुकता स्टीकर लगाया गया। सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था फाइव स्टार फाउंडेशन द्वारा ₹जरा देख कर चलो₹ एक अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत मोटरसाइकिल, रिक्शा, छोटी बड़ी आदि गाड़ियों में एक स्टीकर चिपका कर लोगों को यातायात तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इसका मुख्य उद्देश्य सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है जिससे इन दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकें तथा लोगों को जागरूक किया जा सकें। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विपिन मौर्या ने बताया कि वाहन छोटे हो या बड़े हेलमेट तथा सीट बेल्ट अवश्य पहनकर ड्राइविंग करें जिससे सड़क पर होने वाली संभावित दुर्घटनाओं से बच सकें। जागरूकता अभियान में आशीष कुमार ( अंशु ) सत्येन्द्र मौर्य, अजय, संजय तथा संस्था के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## बाला जी महाराज का विशाल भंडारा व रात्रि जागरण का समापन



**अमन लेखनी समाचार**

पयागपुर, बहराइच। पुरैना बाजार रामलीला मैदान में श्रीबाला जी महराज के विशाल रात्रि जागरण व भंडारे का आयोजन किया गया था। शनिवार रात करीब आठ बजे शुरू हुए जागरण में पहले श्री बालाजी महाराज का श्रृंगार किया गया। जागरण में दूर दराज से आये भजन गायकों द्वारा श्री बालाजी महाराज और हनुमान जी के सुंदर भजन प्रस्तुत किये गए जिन पर श्रद्धालु जयकारा लगाते हुये झूमते रहे। मध्य रात्रि के बाद भगवान शिव व हनुमान जी की झांकियां प्रस्तुत की गई। सुबह चार बजे आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। तीन दिवसीय रात्रि जागरण कार्यक्रम का समापन रविवार को पुरैना बाजार रामलीला मैदान में संपन्न हुआ। समापन पर आयोजित विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम समापन में क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के चरणों में अपनी मनोकामना पूर्ण करने हेतु मिन्नतें की, तथा क्षेत्र के लोगों को सुख समृद्धि के लिए भगवान से प्रार्थना किया।

# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का निरीक्षण कर किया पैदल मार्च

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**



मौदहा। पुलिस अधीक्षक ने मौदहा नगर में पुलिस क्षेत्राधिकारी व पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर आम जनमानस में सुरक्षा का आभास कराया। इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने कोतवाली मौदहा का औचक निरीक्षण कर संबंधित को दिशानिर्देश दिये। उन्होंने कोतवाली अंतर्गत लंबित पड़े मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निदेर्शों के साथ दस्तावेजो के रखरखाव व सफाई व्यवस्था के लिये जिम्मेदारों को चेतावनी भी दी। कोतवाली निरीक्षण के उपरान्त पुलिस अधीक्षक ने नवागंतुक क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी व पुलिस बल के साथ कोतवाली से मुख्य मार्गो से होकर पैदल मार्च करते हुए नगर में भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। एसपी ने सभी को पैदल मार्च कर चेताया कि नववर्ष के आगमन पर कोई भी उपद्रव न करे। उन्होंने कहा कि हमीरपुर पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है, आपकी सतर्कता से न सिर्फ अपराध रुकेगा बल्कि आपके नगर में शांति व्यवस्था की कायम होगी।

## संसार के हर प्राणी में है/राम- महंत धनंजय दास महाराज



**अमन लेखनी सामाचार**

ललितपुर। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ग्राम ठाठखेरा हनुमान मंदिर में चल रही सात दिवसीय राम कथा का आज समापन हो गया।चित्रकूट धाम से पधारे निमोर्ही अखाड़ा के महंत श्री धनंजय दास जी महाराज के मुखारविंद से सात दिनों में भगवान राम के जन्म से लेकर वनवास के उपरांत राज्य अभिषेक तक की कथा को सुनाया गया महराज जी ने बताया कि भगवान राम व माता जानकी हर हिन्दू की आत्मा में वास करते हैं उन्होंने सभी ग्राम वासियों से आग्रह भी किया कि एक बार फिर भगवान पांच सौ वर्षों का वनवास काट कर अपने घर आ रहे हैं तो हम सभी को बाईस जनवरी को हर घर में दीप जलाकर अपनी खुशी का इजहार करते हुए दीपावली मनानी है ।कथा में रमेश पस्तोर, रामनारायण पस्तोर, पवन पस्तोर, बृजेश रावत, अमित पस्तोर, राहुल रावत, नत्थू सेन, बृजनंदन पाल, कल्लू पाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## छात्रा को जिंदा जलाया, पिता की ट्रेन से कटकर मौत

**बेटी के साथ हुई हैवानियत की जानकारी मिलने पर आ रहे थे घर; पैर फिसलने से गई जान**

**अमन लेखनी समाचार**



अयोध्या, अयोध्या में बुधवार को कॉलेज से लौट रही छात्रा पर एक युवक ने पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया था। हादसे में छात्रा बुरी तरह से झुलस गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही घर आ रहे पिता की गुरुवार को गाजियाबाद में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। छात्रा के पिता दिल्ली में काम करते थे। घटना की सूचना मिलने पर वह जल्दबाजी में अयोध्या आ रहे थे। इसी दौरान गाजियाबाद में चलती ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश में पैर फिसल गया। जिससे वह ट्रेन के नीचे आ गए और कटकर मौत हो गई। वहीं अस्पताल में भर्ती छात्रा की हालत गंभीर बनी हुई है। छात्रा पर पेट्रोल डालने वाले युवक को पुलिस ने मुठभेड़ में बुधवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। मुठभेड़ के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी, गोली एक पुलिसकर्मी को लगी, जिससे वह घायल हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि छात्रा के पिता दिल्ली के एक निजी कंपनी में काम करते थे। जो वेतन मिलता था, उसी से भाई-बहन की पढ़ाई और परिवार का पालन पोषण होता था। घर में छात्रा का एक भाई और मां है। खेती भी एक बीघा है। ऐसे में पिता पर ही सभी जिम्मेदारियां थीं। गोदवा नारायणपुर गांव का रहने वाला 19 साल का आशु छात्रा और उसके परिवार के लिए मुसीबत बन गया। मामला थाना तारुन के नारायणपुर गांव का है। बुधवार सुबह कक्षा 11वीं की छात्रा पर पड़ोस के युवक ने ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे छात्रा झुलस गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उसे सीएचसी तारुन पहुंचाय। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज दर्शननगर भेज दिया गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कि तो पड़ोस के युवक आशु का नाम सामने आया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव का युवक छात्रा को अक्सर परेशान करता था। छात्रा युवक का विरोध करती थी। इस बात से नाखुश होकर उसने इस हरकत के अंजाम दिया।

## साफ सफाई के साथ प्रगति पथ पर विकसित भारत यात्रा जागरूकता कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**

अमौली, फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के अमौली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर कुर्मी तथा दरियापुर छेदियां में विकसित भारत यात्रा के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने स्वयं अपने कर कमलो से झाड़ू लगाकर साफ-सफाई के प्रति ग्रामीण क्षेत्र वासियों को जागरुक करते नजर आए खंड विकास अधिकारी विपुल विक्रम सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित हुए कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाते हुए आम जनमानस को भाव विभोर कर दिया वही प्रांगण अंतर्गत अनेक विभागों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर वर्तमान सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य सिविर लगाया गया जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार के निर्देशन में कुशल चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा का वितरण किया गया कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि का भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी समेत आम जनमानस में भव्य स्वागत किया वही कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी रज्जन लाल त्रिवेदी सोमेश्वर पटेल अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता रामभक्त वर्मा श्यामलाल निषाद मुख्य सेविका अंजू उत्तम आदि के साथ मिलकर स्वयं झाड़ू लगाई जिससे साफ सफाई के प्रति आम जनमानस में एक अमूल्य जानकारी पहुंची आंगनवाड़ी विभाग में लगे स्टाल अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम संपन्न किया वहीं क्षेत्रीय विधायक के साथ सभी भाजपा पदाधिकारी एवं मौजूद ग्रामीणों ने आगामी 2047 तक विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत बनाने के सपने को साकार करने के लिए शपथ ग्रहण की इस मौके पर रमेशचंद्र ग्राम प्रधान रामपुर कुर्मी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे

## शीत लहर से बचाव हेतु अब्दुल्लागंज रेंज द्वारा जलवाये गए अलाव

**अब्दुल्लागंज रेंज द्वारा द्वारा जलवाये गए अलाव की हो रही सराहना**

**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। ब्लॉक नवाबगंज अंतर्गत अब्दुल्लागंज रेंज अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में शीत लहर से बचाव हेतु विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाया गया। वन क्षेत्र अधिकारी अब्दुल्लागंज रेंज पंकज साहू ने बताया कि क्षेत्र में भयंकर शीतलहर का प्रकोप जारी है। लोग हाड़ कंपाऊ ठंड से परेशान हैं। ऐसे में अब्दुल्लागंज रेंज की तरफ से क्षेत्र के बरवलिया चौराहा, जमोग चौराहा, चरदा हॉस्पिटल, नवाबगंज चौराहा सहित कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई गई है। वन क्षेत्राधिकारी द्वारा भयंकर ठंड एवं शीतलहर से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था कराई जाने से क्षेत्रीय लोगों ने जमकर सराहना की है।

## जुआरियों की बल्ले बल्ले मेले की रौनक पड़ी फीकी

**मेले के आसपास होने वाले जुएं के कारण प्रतिवर्ष होती हैं घटनाएं**

अमौली, फतेहपुर। जनपद के ऐतिहासिक मेला अमौली के प्रारंभ होते ही विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जुआंरी अपनी फसल में जुट गए निरंतर एक सप्ताह से मेले के आसपास लाखों का जुआ प्रतिदिन संपन्न होता है इसी कारण मेले की खरीदारी में भारी असर पड़ता है वही जुए में हारे हुए जुआंरी कस्बे समेत मुख्य रास्ते पर राहगीरी करते हुए घटनाओं को अंजाम देने लगते हैं प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू तथा मुस्लिम समुदाय के सरगना जुआरियों की अगुवाई में प्रतिदिन लाखों की हार जीत हो रही है अगर प्रशासन ने इस पर रोकथाम नहीं लगाई तो निश्चित रूप से कस्बे में कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

# आर्थिक तंगी से तंग आकर किसान ने की आत्महत्या

**बहन की शादी का था बोझ, दो बहनों की करनी थी शादी, सिर्फ दो बीघा जमीन**

**अमन लेखनी समाचार**



बांदा, बांदा जिले में एक और किसान आर्थिक तंगी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। इनके पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। किसान पर बहन की शादी का बोझ था। खेती के नाम पर इसके पास मात्र दो बीघा जमीन थी। आपको बता दे की पूरा मामला बांदा जनपद के बबेरू कोतवाली के कोरम गांव निवासी रोशन जो की खेती किसानी करता था। वह कल दोपहर को अपनी मां के साथ खेत गया हुआ था। और वहा से बिना बताए अपने घर आ गया और उस समय घर में कोई नही था तभी उसने खपरैल की घन्नी में साड़ी का फंदा बनाया और उसमे झूल गया जब मां देर शाम को घर आई और बेटे को लटकता हुआ देखा पाया तो वह बेहोश हो गई तभी ग्रामीण इकट्ठा होने लगे और उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहा पर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। वही मृतक की मां केशकली ने बताया की इनके पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी और पिता की मौत के बाद उसके ऊपर छोटी बहन की शादी का बोझ था और उसकी बहन की शादी मौदौहा में होनी थी जिसको लेकर वह परेशान रहता था।

# मिल्कीपुर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**पेड़ से लटकता मिला शव, कैंसर से पीड़ित था, लखनऊ केजीएमयू में चल रहा था इलाज**

**अमन लेखनी समाचार**



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में कैंसर रोगी मजदूर का शव पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे दला गांव निवासी मृतक राम भवन प्रजापति के गले में करीब डेढ़ वर्ष से कैंसर था। जिसका इलाज लखनऊ के केजीएमयू में चल रहा था। जानकारी के अनुसार, थाना खंडासा क्षेत्र के पूरे दला गांव निवासी 45 वर्षीय राम भवन प्रजापति का गांव के दक्षिण ओर स्थित बाग में एक पेड़ की डाल से शव लटका हुआ मिला। जानकारी मिलते ही परिजनों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरीके से राम भवन को फंदे से नीचे उतरा। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस चौकी प्रभारी खांडसा सुधीर त्रिपाठी, उपनिरीक्षक शैलेश द्विवेदी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक राम भवन के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा मोहित व छोटा बेटा रोहित प्रदेश में मेहनत मजदूरी करते हैं। दो माह बाद मृतक की बेटी अंजली की शादी भी होनी थी।

# 12 साल बाद भी प्राथमिक विद्यालय का भवन अधूरा

**अमेठी में खुले में पढ़ने को मजबूर छात्र-छात्राएं, अधिकारी बने लापरवाह**

**संवाददाता**



एक तरफ जहां प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा को लेकर कायाकल्प के नाम पर करोड़ों खर्च कर रही है तो वहीं अमेठी के प्राथमिक विद्यालय के एक भवन का निर्माण के 12 साल बाद भी पूरा नहीं हो सका। विद्यालय आने वाले बच्चे आज भी अधूरे भवन में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से विद्यालय के विभिन्न मदों में आई धनराशि की जांच तथा कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। दरअसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल क्षेत्र के ग्राम पंचायत हुसैनपुर के पूरे पठान का है। जहां 2011 में प्राथमिक विद्यालय भवन बनाने के लिए लगभग 6.40 लाख रुपए आया था। तत्कालीन ग्राम प्रधान मोहम्मद इकराम ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय के लिए जमीन का प्रस्ताव मांगा गया तो प्राथमिक विद्यालय के लिए चार बिस्सा बंजर भूमि का प्रस्ताव भेजा गया। विद्यालय के तत्कालीन प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार ने विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू कराया। इस दौरान विद्यालय में छत पड़ने के बाद काम बंद हो गया जो आज तक पूरा नहीं हो सका। स्थिति यह है कि निर्मित भवन में आज भी दरवाजा खिड़की गेट तक नहीं लग सका है। ऐसे में आज भी अधूरे भवन में बच्चे शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। विद्यालय में हर साल विद्युतीकरण, खेल सामग्री, पुस्तकालय, परीक्षा अनुदान कंपोजिट ग्रांट समेत अन्य सरकारी धन उपलब्ध आते हैं। मौजूदा सत्र में 148 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण हुआ है जो हर रोज शिक्षा ग्रहण करने स्कूल भी आ रहे हैं। स्कूल में इनके बैठने व साफ-सफाई की व्यवस्था पर कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है। आज भी विद्यालय में गैस सिलेंडर के बजाय लकड़ी जलाकर खाना पकाया जाता है। मौजूदा ग्राम प्रधान सतीश मिश्र बताते हैं कि जिस जमीन पर विद्यालय भवन का निर्माण किया गया है

# संक्षेप

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार युवक हुआ घायल



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम तिलौरा चौराहे के पास रविवार अपराह्न 1.00 बजे सड़क दुघर्टना में बाइक सवार एक युवक घायल हो गया है।एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरार्पार में भर्ती कराया गया है,जहां डाक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। घायल की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम बिड़ार निवासी विक्रम के रूप में हुई है। यह गांव से घघसरा बाजार करने जा रहे थे कि तिलौरा के पास ओवरटेक कर रही बाइक की चपेटे में आ गए।

## सड़क हादसे में घायल क इलाज के दौरान मौत



गोरखपुर। सहजनवां नगर पंचायत वार्ड 4 केशोपुर निवासी एक व्यक्ति सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका इलाज के दौरान घर पर मौत हो गई । पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मिली जानकारी से अजय पाठक 42 वर्ष निवासी वार्ड 4 केशोपुर जो सहजनवा चौराहे से आटो चलवाते थे।25 दिसंबर को सुबह 6 बजे वह चौराहे पर खड़े थे।उसी दौरान अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दिया।जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हे जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था।हालत गम्भीर होने पर परिजन उनका इलाज सहारा लखनऊ में करा रहे थे।डाक्टर के कहने पर परिजन उनका इलाज घर पर करा रहे थे। जिनकी रात्रि में मौत हो गई। मृतक के एक लड़का है।पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 हेतु आनलाइन आवेदन, अग्रसारण तिथि की गयी संशोधित

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के तहत शासन द्वारा आनलाइन आवेदन की तिथि को बढ़ाकर संशोधित तिथि निर्धारित की गयी है।इस सम्बन्ध में उन्होंने जनपद में संचालित समस्त विद्यालय, प्रबन्धक, प्रधानाचार्य एवं छात्रवृत्ति का कार्य देख रहे नोडल अधिकारी व अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को संशोधित समयावधि के अनुसार 02 जनवरी 2024 तक छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन तथा 15 जनवरी 2024 तक आवेदन पत्र को आनलाइन अग्रसारित/निरस्त का कार्य किया जायेगा।

# बसपा के पदाधिकारियों की मंडल स्तरीय बैठक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में मंडल स्तरीय प्रमुख पदाधिकारीयों की बैठक गोरखपुर जिला बसपा कार्यालय पर संपन्न हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि गोरखपुर व बस्ती मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी सुधीर कुमार भारती ने अपने संबोधन में कहा कि यह साल खत्म हो गया अब नए वर्ष में जोश के साथ आप सभी जिम्मेदार पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ और सेक्टर को मजबूत करें,बसपा की सरकार बनेगी आम जनता भाजपा से परेशान हो चुकी है यह सरकार केवल झूठ बोलती है अधिकारी बेलगाम है आज पूरा देश प्रदेश सुश्री बहन कुमारी मायावती की मांग कर रही है कि बहन जी को प्रधानमंत्री बना दिया जाए।देश के सभी वर्ग के लोग खुशहाल हो जाएंगे देश की तरक्की हो जाएगी विपक्ष बहन जी से घबराई हुई है की 2024 में क्या निर्णय लेंगे बहन जी, आप लोग निष्ठा पूर्वक जमीनी स्तर पर कार्य करें और भाईचारा बनाएं आने वाला समय बसपा का होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश कुमार गौतम ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा पर लोगों का विश्वास उठ गया है । बसपा ही मात्र विकल्प है महंगाई, बेरोजगारी, हत्या ,डकैती, बलात्कार ,चरम, सीमा पर है, बसपा एक मिशन है जो महापुरुषों की बनाई हुई है। विशिष्ट अतिथि राधेश्याम भारती, मुख्य सेक्टर प्रभारी सुरेश कुमार भारती और मुख्य सेक्टर प्रभारी ने भी अपनी-अपने विचार रखें ।बैठक का सफल संचालन गोरखपुर मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी हरी प्रकाश निषाद ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से ऋषि कपूर जिलाध्यक्ष गोरखपुर , रमेश कुमार जिला अध्यक्ष कुशीनगर , इंजी अंबरीष, जिला अध्यक्ष देवरिया , जिला प्रभारीगण ओम प्रकाश गौतम, नंदू प्रसाद जिला प्रभारी, दीनदयाल भारती जिला प्रभारी, घनश्याम राही जिला प्रभारी परमेश्वर उर्फ छोटू सहारा जिला महासचिव लक्ष्मण राना जिला कार्यकारिणी सदस्य रामबाबू विधानसभा प्रभारी डॉ राजेंद्र प्रसाद विधानसभा प्रभारी संजय कनौजिया बबलू कनौजिया सहित तमाम जिम्मेदार पदाधिकारी उपस्थित रहे ।




# सपा कार्यालय पर मनाई गई लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि

अमन लेखनी समाचार

अमेठी।समाजवादी कार्यालय पर लोकबन्धु राज नारायण की 37 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी।उनके चित्र पर श्रद्धासुमन के पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व और कृत्तिव पर प्रकाश डालते हुए उस पर चलने का संकल्प लिया गया। बताया जाता है कि लोकबन्धु राजनारायन गरीब, गुरबों, दलितों व मजलूमो के मसीहा थे, वह उनके हक की लड़ाई आजीवन लड़ते रहे। और वह लोहिया के नेतृत्व में देश की आजादी की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उनके द्वारा किये गए सभी आन्दोलनों में हमेशा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा केन्द्र में जनता पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए उन्होंने गाँव स्तर तक चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाने का ऐतिहासिक कार्य किया था।पार्टी के पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखें। और उस पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में तुफैल खान, आर के यादव, गिरीश यादव, महेन्द्र मोनू, राज मोहन यादव, रोहित वाल्मीकि, रिजवान, दीपू तिवारी आदि मौजूद रहे।




# धुप खिलते ही लोगो के खिले चेहरे, जनमानस के साथ मवेशियों को मिली राहत



अमन लेखनी समाचार

अमेठी। तीन दिनो से पड रहे कोहरे और ठन्ड से जहा जनमानस के साथ मवेशियो का बुरा हाल था लोग अलावा के सहारे अपना अपना जीवन व्यतीत कर रहे थे तो वही पशु पंक्षियो मवेशियो का भी बुरा हाल था लोग अपने अपने पशुओ को जुट के बोरो से ढक्क कर उन्हे ठंड से बचने का प्रयास कर रहे थे किन्तु आज तीन दिन बाद खिली धूप से लोगो को ठन्ड से निजात मिली तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे वही पशु पक्षी सहित मवेशियो ने भी पडने वाली कड़के की ठन्ड से राहत की सास ली किसान हीरा लाल कहते है कि पडने वाली ठन्ड से इंसान से ज्यादा पशु पक्षी व छुटटा मवेशिया को ज्यादा कठिनाइयां झेलनी पड़ती है पालतू पशुओं को तो लोग ढक कर उनके नीचे पुवाल का बिछौना डालकर और ऊपर से झूठ के बोरों से ढक कर रखते हैं किंतु मवेशी पशु और पंछियों को ऊपर वाले के सहारे खुले आसमान में अपना जीवन व्यतीत करना पड़ता है ठंड कोहरे और बरसात की सारी तकलीफ उन्हें झेलनी पड़ती है किंतु धूप खुल जाने से पशु पक्षी मवेशियो सहित लोगो ने राहत की सांस ली।

# पांच के खिलाफ दर्ज हुआ बलवा,घर में घुस कर छेड़छाड़,मारपीट, एसी/एसटी का केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र स्थित के कोईकोल में लडकी को घर में अकेला देखकर गांव का एक युवक घुस गया था। और छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया था। विरोध करने पर वह जातिसूचक गालियां दिया। शोर मचाने पर मां ने उस युवक से बचाया। और भाई ने उसे पकड़ लिया था। उसके बाद आरोपी के परिजन आए और मां,भाई को पीट दिए थे। पुलिस द्वारा कारवाई न करने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण लिया। आदेश पर पुलिस ने पांच के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कोइकोल में 26 जून 2023 को गांव का एक युवक लडकी को घर में अकेला देखकर घुस गया था। और लडकी के साथ छेड़छाड़ करने लगा था। उस दौरान लडकी की मां नहाने गई हुई थी। लडकी ने शोर मचाया तो वह जातिसूचक गालियां देने लगा था।शोर सुन कर मां पहुंची और उसके चंगुल से छुड़ाया। और भाई ने आरोपी की पकड़ लिया।इसके बाद आरोपी के परिजन लाठी डंडे लेकर घर पर चढ़ आए और धमकाते हुए पीड़िता के मां और भाई को मारा पीटा। और जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए।पुलिस द्वारा न्याय न मिलने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण लिया आदेश पर पुलिस ने प्रदीप मिश्र,गिरिजेश मिश्र,श्रवण मिश्र,निखिल मिश्र,परमेश मिश्र के खिलाफ,बलवा,घर में घुसकर छेड़छाड़,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने, एसी/एसटी का केस दर्ज कर लिया है।

# सरकारी दफ़्तरों के काउंटर, ये है मोदी की गारंटी , पूर्व विधायक

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। दिन रविवार का हो और सारे सरकारी कार्यालय खुले हों, ऐसा कभी नहीं हुआ, पर मोदी की गारंटी पूरी करने के लिए रविवार को विधानसभा गौरीगंज के विकासखंड शाहगढ की ग्रामपंचायत कौहार व राजापुर कौहार में जब मोदी की गारंटी गाड़ी पहुँची तब वहाँ सभी 16 विभागों के अधिकारी मौजूद थे।मोदी की योजनाओं से लाभान्वित लोगों का सम्मान किया गया।जो कुछ लोग छूटे थे उन्हें तत्काल योजनाओं से जोड़ा गया।लोगों में संतुष्टि का भाव और मोदीजी के लिए अथाह स्नेह दिखा।इस अवसर पर प्राथमिक स्कूल के बच्चों ने अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। जन कल्याण के लिए रविवार को भी अपने दायित्व निर्वहन में डटे रहने वाले सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद।साथ ही जीवन जनहित में समर्पित कार्यक्रम के तहत प्रत्येक रविवार को ब्लॉक वार समस्याओं के सुनने के क्रम में इस बार मटियारी जनसंपर्क कार्यालय शाहगढ पर पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने जन समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निरा किया गया शेष मामलों को जल्द निस्तारण के लिए कहा गया।पिछली बार आए मामलों का शत प्रतिशत निस्तारण किया गया।पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी ने कहा कि गौरीगंज की जनता जनार्दन मेरे लिए देवतुल्य है जिसका शोषण एवं प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं की जाएगी जनता की हर समस्या का समाधान ही मेरी प्राथमिकता है।

# सदर सांसद के साथ ने कार्यकताओं के साथ सुनी मन की बात

गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली ब्लॉक के बूथ नंबर 327 में पीएम मन की बात को सांसद के साथ ग्रामीणों द्वारा सुना गया। कार्यक्रम के 108वें एपिसोड की शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी ने 108 का आध्यात्मिक महत्व तथा देशवासियों को नये साल की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया।जिसमें महिला सशक्तिकरण हेतु नारी शक्ति वंदन अधिनियम, भारत का दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, भारत में जी 20 सम्मेलन का आयोजन ,चंद्रयान-3 मिशन और आत्मनिर्भरता से विकसित भारत के संकल्प सहित ऑस्कर पुरस्कार के साथ ही भारत में रिकॉर्ड संख्या में हो रहे पेटेंट ,फिट इंडिया मूवमेंट में युवा शक्ति की भागीदारी तथा बेहतर जीवन शैली की चर्चा की।भारत के प्रयास से पूरी दुनिया में 2023 को इंटरनेशनल मिनिट्स वर्ष घोषित किया गया। उपयोगिता के अपने सावित्रीबाई फुले रामनगरी अयोध्या की चर्चा करते हुए राम भजन के माध्यम से शेयर करने का आग्रह करते हुए देशवासियों से विकसित भारत के लिए पंच प्राण का संकल्प लेते हुए कार्य करते समय केवल राष्ट्रहित को प्रथम मानने का अनुरोध करते हुए नये साल की शुभकामनाएं दीं।

# नि:शुल्क खाटू श्याम यात्रा गाजे बाजे के साथ बस द्वारा रवाना

अमन लेखनी समाचार



जगदीशपुर, अमेठी।नगर भ्रमण पर 251 महिलाओं और पुरुषों को दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर शुकुल बाजार रोड पर हनुमानगढ़ी चौराहा गुलाबगंज होते हुए बस यात्रियों को माते श्री पर हरी झंडी दिखाकर जलपान भोजन करा कर यात्रियों को जयकारा के साथ भक्तगणों को रवाना किया गया। भक्तगणों में जाने वाले यात्रीगण साथ रहे जय शंकर त्रिवेदी, मुन्ना भैया, बिहारी लाल, वास संजीत कौशल, सतीश कौशल, विजय कौशल, राहुल ,व्यास, सर्वेश, नीरज, लालू ,टीटीटी, अंकित कौशल व क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# गौ आश्रय केन्द्र अहमदपुर पहुंचकर संस्था प्रबंधक ने पशुओं को जूट कोट पहनाया

अमन लेखनी समाचार



बाजार शुक्ल, अमेठी। अपनी निस्वार्थ भावना एवं कुशल कार्यशैली से समाज में अपनी एक अलग पहिंचान बनाने वाले एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे ग्राम पंचायत भटमऊ बाजार शुक्ल अमेठी निवासी समाजसेवी एवं कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजिस्टर्ड के प्रबंधक पी के तिवारी जो कि यथासंभव सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल, शिक्षा, कृषि एवं चिकित्सा संबंधी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देते रहते हैं और प्रबुद्धजनों से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करते रहते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उन्हे सम्मानित दृष्टि से देखता है वहीं उसी क्रम मे विकासखंड बाजार शुक्ल के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अहमदपुर गौ आश्रय केन्द्र पहुंचकर गौ आश्रय स्टाफ के साथ जूट से निर्मित टाट कोट स्वरूप पहनाया बताते चलें कि संस्था द्वारा जहां जरुरतमंदों मे गर्म शाल यथासंभव वितरित किए गए, अलाव जलवा रहे हैं वहीं संस्था द्वारा पशुओं को भी सर्दी से बचाव हेतु यथासंभव प्रयास किया जा रहा है, वहीं समाज इस पुनीत कार्य की सराहना कर रहा है समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह प्रबुद्धजनों के सहयोग एवं मार्गदर्शन मे भविष्य मे और भी बेहतर से बेहतरीन करने की कोशिश करेंगे और समाज के प्रति समर्पित रहेंगे।

# कार सवार को रोक कर बदमाशो ने मारपीट कर नकदी और चैन छीना केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगौरा के पास बाइक सवार बदमाशो ने एक व्यक्ति का कार रोक कर उसे मार पीट कर उसके पास रखा 50 हजार रुपया,सोने की चैन और अंगूठी छीन कर फरार हो गए।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद और एक अज्ञात बदमाश के खिलाफ हत्या के प्रयास और लूट का केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से जयसिंह पुत्र छोटेलाल सिंह निवासी सुरगहना शनिवार रात्रि में 8.30 बजे बेलहर स्थित मकान से आर्टिका कार द्वारा अपने मिनवा स्थित रिश्तेदार के यहा जा रहा था।रास्ते में भगौरा के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशो ने गाड़ी रोक लिया।और गाड़ी से खींच कर लोहे की रॉड से मार पीट कर घायल कर दिया।और बेहोश हो गया।और उसके पास रखा 50 हजार रुपया,सोने की चैन,अंगूठी लूट कर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दीपू उर्फ विशंभर,अभिषेक यादव उर्फ पहाड़ी पुत्र उमेश यादव और एक अज्ञात के खिलाफ लूट,हत्या के प्रयास,मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

सुविधाएं | शेल्टर होम, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर लोगों से जानी सुविधाएं, किसानों से पूछा मंडी का हाल

# जालौन में रात को सड़क पर निकले डीएम

अमन लेखनी समाचार



जालौन, जालौन में लगातार बढ़ रही शीत लहर को देखते हुये शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर गुरुवार को कोंच नगर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला, शेल्टर होम, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन जाकर निराश्रितों को कंबल का वितरण किया तथा मंडी पहुंचकर अपनी फसल बेचने आए किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनते हुए समाधान करने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने निराश्रित और खुली आसमान में सोने वाले लोगों को कंबल का वितरण किया और उन्हें शेल्टर होम पहुंचाया, जिससे इस भीषण कड़ाकेदार सर्दी से बचाया जा सके। शासन के निर्देश पर गुरुवार देर शाम को जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कोंच नगर का निरीक्षण किया। सबसे पहले जिलाधिकारी नगर के हाटा में बनी कान्हा गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने भीषण ठंड को देखते हुए गोवंशों के लिए सही व्यवस्था रखने के निर्देश नगर पालिका प्रशासन को दिये, साथ ही कहा कि जहां पर गोवंश रखे हैं, वहां चारों तरफ त्रिपाल बांधी जाये, जिससे शीत लहर से गोवंशों को बचाया जा सके, इतना ही नहीं अलाव की व्यवस्था गौशाला में कराई जाये, जिससे गौशाला में गर्माहट बनी रहे और गोवंशों को आराम मिल सके।इसके बाद उन्होंने नगर में बन शेल्टर होम का निरीक्षण किया। जहां पर व्यवस्थाएं सही मिलीं। बाहर खुली आसमान में सोने वाले लोगों को शेल्टर होम में ठहरने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश अधीनस्थों को दिये।साथ ही वहां पर रहने वाले लोगों को कंबल का भी वितरण किया। जिलाधिकारी बस स्टैंड के साथ-साथ कोंच रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने निराश्रित लोगों को कंबल का वितरण किया।

बाद में जिलाधिकारी ने गल्ला मंडी पहुंचे, जहां मटर की फसल बेचने आये, किसानों से मुलाकात की और उनसे कांटे पर हो रही तौल के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी को किसानों ने बताया कि अलाव के लिये लकड़ी कम पहुंच रही है, जिसको सुनते ही डीएम ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि किसानों के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था कराई जाये। क्योंकि किसान रात के वक्त मटर को बेचने आ रहा है, इसीलिए उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो।जिलाधिकारी ने मटर बेचने आए किसानों को कंबल भी दिया, जिससे इस शीत लहर में उन्हें राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देश पर सभी अधिकारी को अलग-अलग क्षेत्र में भेजा जा रहा है, जिससे व्यवस्थाएं समुचित रूप से सही रहे उन्होंने पर्याप्त अलाव जलवाने के निर्देश दिए हैं, वहीं गौशाला में भी हर प्रकार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे गोवंशों को भीषण शीत लहर से बचाया जा सके। इस दौरान कोच उप जिलाधिकारी अतुल कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, अधिशासी अधिकारी पवन किशोर, रेवेन्यू इंस्पेक्टर सुनील कुमार यादव, सफाई निरीक्षक हरि शंकर निरंजन, अपर सूचना अधिकारी पंकज कुमार तिवारी, ओएसडी अनूप श्रीवास्तव, तहसीलदार मौजूद रहे।

# औरंगाबाद में पुलिस-चौकी के सामने सहकारी बैंक में लगी आग

- आग की चपेट में जाकर बैंक में रखें दस्तावेज जलकर राख, दमकल ने घंटे बाद का पाया काबू

अमन लेखनी समाचार




खुर्जा, जिला बुलंदशहर के औरंगाबाद स्थित पुलिस चौकी के सामने मौजूद सहकारी बैंक में आग लगने की सूचना से बैंक के स्टाफ में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना पर पहुंची चौकी की पुलिस ने तुरंत दमकल पुलिस को मौके पर बुलाया। दमकल वाहन ने घंटे की मेहनत के बाद किसी प्रकार आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक बैंक में रखे कीमती दस्तावेज जलकर खाक हो गए। जिला बुलंदशहर के औरंगाबाद पुलिस चौकी के सामने मेजुद मौजूद जिला सहकारी बैंक में बीती रात अचानक आग लग गई।बैंक के सामने मौजूद पुलिस चौकी के सिपाहियो ने सबसे पहले दमकल विभाग और बैंक के स्टाफ को सूचना देकर बुलाया।बैंक में आग लगने की सूचना से स्टाफ में हंडकप मच गया।सहकारी बैंक में आग से रखे कीमती रिकॉर्ड दस्तावेज पूरी तरह से जलकर राख हो गए।घटना की सूचना पर दमकल वाहन ने मौके पर पहुंचकर बामुश्किल आग पर काबू पाया।बैंक के पीछे वाले जंगले भी टूटे मिले। बैंक मैनेजर सुनील कुमार का कहना है कि बैंक से कोई कैश गायब नहीं हुआ है।

बल्कि कई साल पुराने रखें दस्तावेज जल गए हैं। फिल्हाल जिनकी सूचना संबंधित उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

## संक्षेप

### शिविर में आए दिव्यांगों को ब्लॉक प्रमुख ने कराया जलपान, रजिस्ट्रेशन के बाद मिलेंगे उपकरण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। सुमेरपुर विकास खंड कार्यालय प्रांगण में रविवार को एक निजी कंपनी की ओर से आयोजित दिव्यांग पंजीकरण शिविर में दूरदराज से आये दिव्यांगों को ब्लॉक प्रमुख ने जलपान कराया। कडकडाती ठंड में ब्लॉक प्रमुख के जलपान से दिव्यांगों ने राहत की सांस ली। रविवार को एक निजी कंपनी ने जनपद के दिव्यांगों को उपकरण वितरण हेतु दिव्यांग पंजीकरण शिविर का आयोजन विकासखंड कार्यालय में किया था। इस शिविर का शुभारंभ सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति व चेयरमैन धीरेन्द्र शिवहरे ने किया था। शिविर में शामिल होने आए ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव ने दूरदराज से आए दिव्यांगों को दोपहर बाद जलपान कराया। ब्लॉक प्रमुख के हाथों जलपान पाकर दूरदराज से आए दिव्यांगों ने राहत की सांस ली। इस शिविर में 500 से अधिक दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया है। बाद में सभी को उपकरण वितरित किए जाएंगे।

### श्री अनंत पद्मावती सेवा आश्रम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा सेवा का किया गया आयोजन

रेणुकूट पिपरी स्थित श्री अनंत पद्मावती सेवा आश्रम परिसर में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आनंद पटेल ने यहां आए मरीजों का इलाज किया और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया पिपरी और रेनूकूट के लोगों ने इसका लाभ लिया। निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में किया जाता है शिविर में नगर व आसपास के क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब लोग भी इसका फायदा उठाते हैं। आश्रम संचालक पंडित वीर विक्रम नारायण पांडेय ने बताया कि निःशुल्क चिकित्सा सेवा का आयोजन प्रत्येक रविवार को आश्रम परिसर में किया जाता है जहा क्षेत्रीय जनता इसका लाभ लेती है।

# एसपी ने आधी रात में जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

**पुलिस कर्मियों को ठण्ड से बचाव के दिये निर्देश**

अमन लेखनी सामाचार



ललितपुर। सर्दी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। कोहरे से शुरू होकर पूरे दिन ठण्डी हवाओं और शाम होते ही गलन भरी सर्दी ने डेरा डाल रखा है। ऐसे में सड़क किनारे या फिर सार्वजनिक स्थानों पर रुकने वाले लोगों को ठण्ड से बचाने के लिए प्रशासन व पुलिस लगातार सक्रियता बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के साथ मानवीयता का परिचय देते हुये आधी रात के बाद शहर में गश्त करते हुये सार्वजनिक स्थानों पर ठण्ड की मार झेल रहे लोगों को कम्बल वितरण कर राहत पहुंचाने का कार्य किया। एसपी के इस कार्य की आमजन में खूब सराहना हो रही है। वहीं एसपी ने पुलिस कर्मियों को भी ठण्ड से बचाव करने के निर्देश जारी किये हैं।

पुलिस अधीक्षक द्वारा रात्रि चेकिंग के दौरान शीतलहर के दृष्टिगत बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल आदि प्रमुख स्थानों पर गरीब, असहाय एव जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किये गये एवं रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को चेक कर सर्दी से बचने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा जनपद में रात्रि चेकिंग के दौरान शीत लहर के दृष्टिगत गरीबों/असहायों को बढ़ती ठंड में बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल आदि प्रमुख स्थानों पर फुटपाथ पर रह रहे लोगों को कम्बल वितरण किये गये। एसपी ने उक्त लोगों से कुशलक्षेम पूछकर सर्दी से बचने हेतु सलाह देते हुये उनको रैन बसेरा में शिफ्ट करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। एसपी द्वारा रात्रि में खुले में घूम रहे सदिंग्ध व्यक्तियों को चैक कर पूछताछ की गयी एवं देर रात्रि बेवजह बाहर न निकलने के लिए कहा गया। रात्रि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को चेक किया गया एवं सर्दी से बचने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

### फिर भी नहीं जल रहे अलाव

भीषण सर्दी से जहां एक ओर आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों को सर्दी से बचाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार एडवाइजरी जारी करते हुये लोगों को सर्दी से बचने के उपाय बताये जा रहे हैं। ऐसे में अभी तक नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव न जलाये जाने से लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि ऐसी भीषण ठण्ड में भी अलाव न जलने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# मोटर वाइंडिंग के दुकान की दीवार तोड़कर, चोरों ने नगदी सहित 2 लाख का माल उड़ाया

विंध्य ज्योति



राजगढ़ मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदीहार बाजार में बीती शनिवार की रात चोरों ने पीछे से दीवाल तोड़कर मोटर वाइंडिंग की दुकान से नगदी सहित लगभग ? 2 लाख का माल पार कर दिया। पीड़ित ने राजगढ़ थाना पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। क्षेत्र में हो रही आए दिन ताबड़तोड़ चोरियों पर लगाम लगाने में स्थानीय पुलिस नाकाम साबित हो रही है। जिससे आए दिन हो रही चोरियों से क्षेत्र के लोग दहशत में है। थाना क्षेत्र के धनसीरिया गांव निवासी महेश कुमार नदीहार बाजार में मोटर वाइंडिंग की दुकान चलाता है। रोज की तरह शनिवार को दुकान बंद कर अपने घर चला गया। रविवार की सुबह लगभग 10:30 बजे जब दुकान खोला, तो पीछे की दीवार टूटी हुई तथा दुकान का सामान बिखरा व चोरी हुआ देख उसके होश उड़ गए। आसपास के लोगों को सूचना दिया। मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। पीड़ित दुकानदार महेश जायसवाल ने राजगढ़ थाने पर दिए गए तहरीर के माध्यम से बताया कि 75000 रुपये नगद, रिपेयर के लिए रखे गए सात समरसेबल, चार मोनोब्लॉक 80 किलो कॉपर का तार जिसकी कीमत लगभग एक लाख पचास हजार होगी, चोर चुरा ले गए है। पीड़ित ने चोरी की सूचना राजगढ़ थाने पर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर वापस लौट गई। इस संबंध में राजगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह पटेल ने बताया कि नदीहार बाजार में चोरी होने की तहरीर मिली है। कार्यवाही की जा रही है।

## श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमित्त अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली



अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमित अक्षत कलश शोभा यात्रा का शुभारंभ गौरा देवी से होते हुए पूरे नगर में कलश यात्रा का भ्रमण हुओ कलश यात्रा के संयोजक विवेक मिश्रा ने बताया कि प्रभु श्री राम के उद्घाटन के लिए पूरे नगर में एवं जनपद में अक्षत कलश यात्रा देखकर सभी को आमंत्रित किया जा रहा हैं विधायक सदर मनोज प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक,जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद रामदत्त पांडे, नगर उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद उमेश दीक्षित झांसी जिला प्रभारी भाजपा संत विलास शिवहरे,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक धनंजय जी,अध्यक्ष नगर पालिका कुलदीप निषाद विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ डॉक्टर अवधेश मिश्रा, जिला संयोजक सरस्वती शरण द्विवेदी यतीश जी, बजरंग दल के सहसंयोजक नगर श्याम जी पांडे,

आरएसएस के सह प्रचारक राजन जी और श्री प्रकाश शुक्ला सहित हजारों लोगों के साथ भक्ति भाव से कलश यात्रा शहर में निकली।

## मिशन शक्ति के विशेष अभियान के तहत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं / बालिकाओं को किया जागरुक

**समस्त महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण।**

**महिलाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा रहा सशक्त।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के तहत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर वृहद स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है । साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है ।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम मे पधारे राज्यसभा सांसद व सदर विधायक




अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को क्षेत्र के सभी शक्ति केंद्रों, जिला कार्यालय सहित अन्य स्थलों पर राज्यसभा सांसद व सदर विधायक सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने सुनकर भारत को उच्च शिखर पर पंहुचाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम मे इस 108 एपिसोड को महत्वपूर्ण बताकर देश के विकास मे खुद को समर्पित करने की बात को सुनकर कार्यकताओं ने देश के विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने मे समर्थन देने का संकल्प लिया। कस्बे के रामलीला मैदान में राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद व नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे व पारा ओझी में सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति व झलोखर मे जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने उपस्थित रहकर मन की बात कार्यक्रम मे शिरकत की। इस दौरान उपस्थित लोगों की जन समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। इस मौके पर जिला मंत्री संतराम गुप्ता, मुकेश पालीवाल, अरविन्द श्रीवास्तव, मोहित साहू, रवि गुप्ता, श्याम धुरिया सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ठंड के प्रकोप से लोगो का जीवन हुआ अस्त-व्यस्त

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित



हमीरपुर। जनपद में घने कोहरे औ? भीषण हाड़ कपाऊ ठंड से लोगो का जीवन अस्त ब्यस्त है।इस भीषण ठंड के प्रकोप से लोगो ने अपने घर से निकलना बंद कर दिया है।वही लोगो द्वारा ठंड के बचाव हेतू लोग या तो अंगीठी का सहारा ले आग सेकते नजर आए या फिर अपने विस्तर पर रजाई का सहारा लेते दिखाई दिए।वही शाम होते ही लोग अपने पड़ रहे भीषण कोहरे औ? पड़ रही ओस से बचाव हेतू लोगो ने शाम 6 बजे से ही घर से निकलना व कही जाना दुस्वार समझते है।वही रोड़ पर देखे तो रात्रि 8 बजे के बाद से ही सड़को पर सन्नाटा पसर जाता है।ऐसे में प्रशासन ने भी शर्दी के बचाव हेतू एडवाइजरी औ? आदेश भी निर्गत किये है।प्रशासन के आदेश पर सावर्जनिक स्थलों पर अलाव जलवाए जा रहे औ? मुसाफिरों के लिए रेनबसेरो का भी इंतजाम किया गया है ताकि कोई ठंड का शिकार न हो सके।वही पड़ रहे भयानक कोहरे की चपेट में आने से रेलवे द्वारा संचालित ट्रेनों के आमगमन की समय सारणी भी प्रभावित हुई है जिससे ट्रेने 8 से 10 घण्टे की देरी से चल रही है तो को 3 औ? 4 घण्टे की देरी से चलने से मुसाफिरों के आमगमन में भी भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है।दूसरी और देखे तो कृषको के पालतू जानवरों को भी इस भीषण ठंड में परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है।तो कृषक भी इस भीषण ठंड में खेती किसानी के कार्य ठप्प कर ठंड से बचाव करते देखे जा रहे है।वही कृषको का कहना है कि इस वक्त मटर की खेती फूल पर चल रही है इस घने कोहरे और धूप न निकलने के कारण फसल में भारी छति पहुँच सकती है।

## अयोध्या धाम से आई अक्षत कलश यात्रा का नगर में किया स्वागत

**गणमान्य नागरिको ने अक्षत कलश सिर पर रखकर किया नगर में भ्रमण**

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा झांसी। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत अयोध्या से चलकर अक्षत कलश यात्रा कस्बा गरौठा पहुंची। कलश यात्रा में सैकड़ो राम भक्त शामिल हुए। गाजे बाजे, डीजे के साथ धूमधाम से सम्पूर्ण नगर में कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा नदी पार शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर बस स्टैंड, गायत्री मंदिर, बजरंग मंदिर, द्वारिकापुरी मुख्य बाजार होते हुए पूरे नगर में भ्रमण के पश्चात श्रीराम राजा मंदिर पहुंची जहां पूजा अर्चना एवं आरती की गयी। इससे पहले नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर अक्षत कलश यात्रा का तिलक और माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा कलश की पूजा अर्चना की गई। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होना है जिसके लिए लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। निमंत्रण में पीले चावल व पत्रक दिए जाएंगे, यह पीले चावल एक कलश में भरकर अयोध्या से रवाना किए गए हैं जिन्हें अक्षत कलश यात्रा के रूप में भ्रमण कराया जा रहा है। इसके बाद अब पत्रक एवं पीले चावल घर-घर दिए जाएंगे।अक्षत कलश यात्रा में गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत सहित नगर के सैकड़ो गणमान्य नागरिक तथा भाजपा एवं आर एस एस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। सनातनी यात्रा में शामिल होकर राम राजा मंदिर पर अयोध्या से आई अक्षत कलश यात्रा का समापन किया गया। संपूर्ण कलश यात्रा के नगर भ्रमण में गरौठा पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली।


# नए साल का आगाज फूलों की खुशबू के साथ, तोहफे की कीमतों में दिखा महंगाई का असर

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। नए साल के स्वागत में उपहार के लिए लोगों को रंग-बिरंगे फूलों ने खूब लुभाया। बाजारों कस्बों समेत अन्य स्थानों पर फूलों के स्टाल लगे हैं। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर फूलों का बाजार ठंडा रहा, वर्ष 2023 को बॉय-बॉय और 2024 के स्वागत के लिए हर वर्ग उत्साहित नजर आया। नए साल के स्वागत के लिए किसी ने कोई चूक नहीं की। किसी ने सादगी से तो किसी ने पार्टियों का आयोजन कर नव वर्ष के पहले दिन स्वागत किया। नए साल पर फूलों का बाजार भी खूब महक रहा है। नए साल पर कीमतों पर महंगाई का साया भी खूब नजर आ रहा है। सोशल मीडिया से लोगों ने परिवार के लोगों केसाथ ही अपने दोस्तों में नए वर्ष के बधाई संदेशभेजे। अधिकांश दुकानें फूलों और गुब्बारों से सजे नजर आए। कस्बों में जगह-जगह फूलों की दुकानें रात से ही सज गई थी। गुलाब फूल के गुलदस्ते 50 रुपए से300 रुपये तक बिके। वहीं, गुलाब का एक फूल10 से 20 रूपए में बिका। फूलों में सर्वाधिक बिक्री गुलाब, गलार्डियां, बडटें पैराडाइज, लिली,जर्विरा आदि फूलों की बिक्री हुई।

## जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों को किया गया जागरूक



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र - जल जीवन मिशन हर घर जल योजना अंतर्गत सोनभद्र में इम्पैनल्ड/सूचीबद्ध (एजेंसी मेसर्स स्वजन फाउण्डेशन लखनऊ द्वारा 31 दिसम्बर 2023 को जनपद के विकास खण्ड - म्योरपुर के ग्राम डडीहरा, पाटी, पनारी, किरवानी, रनटोला, बेलहथि, कुलडोमरी, सेंदुर(करमा) ,जोगेन्द्रा, डाडहर, महरिकला, राजमिलान, अनजानी, पिंडारी, विकास खण्ड-रावर्ट्सगंज के ग्राम चिरुहली, बघनारी, बेलकप, कुरहुल, रेडिया ,तरवा, कुर्था, परसौटि, मरकरी, ओरगाई, कोटास, बड़गांव, पिपरी, सेमर, हरथर, सफरिपुर, कबरी, भड़काना, में टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक कर मेला प्रदर्शनी, जल जांच, शोसल मैपिंग, फिल्म प्रोजेक्टर, के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित आंगन बड़ी केंद पर पेयजल एवं स्वक्षता सम्बन्धित जागरूकता कराए जाएंगे। कार्यक्रम में ग्रामवासी को गुणवक्ता एवं मेहता के बारे में विस्तृत रूप में संस्था के अनिल कुमार एवं वरिष्ट ट्रेनरों द्वारा जानकारी दी जाएगी।

## कलौली जार व छानी खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे लाभार्थियों को मिले प्रमाणपत्र


अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित



हमीरपुर। सुमेरपुर विकासखंड के कलौली जार व छानी खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कर लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। लाभार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री के कार्यों की सराहना की गई।

कलौली जार व छानी खुर्द मे आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं पीएम आवास, जनधन खाते, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मन निधि, उज्वला योजना, सौभाग्य योजना आदि की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की सराहना भी की गई। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, सुधेश द्विवेदी, संतराम गुप्ता, सत्तीदीन प्रजापति, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष चक्रवर्ती शुक्ला, किशन व्यास, अरविंद श्रीवास्तव, रामचंद्र शर्मा, कन्हैया शर्मा, करण साहू, ग्राम प्रधान अरविंद यादव, आशा, आंगनबाड़ी, कृषि विभाग के कर्मचारी सहित ग्रामीण व लाभार्थी उपस्थित रहे।

## हेलमेट वितरण कर यातायात पखवाड़े का समापन किया गया



**शराब पीकर वाहन न चलाएं जीवन बहुमूल्य सुरक्षित यात्रा करें- यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह**

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतिम दिन राठ कस्बे में हेलमेट वितरण एवं यातायात नियमों की जानकारी और शराब पीकर वाहन न चलाएं दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें सुरक्षित यात्रा करें जीवन बहुमूल्य हैं इस मौके पर यातायात पुलिस कर्मी मौजूद रहे

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# आमिर खान को लगा मराठी सीखने का चस्का

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के लिए पिछली कुछ फिल्में खास नहीं रहीं। साल 2018 में आई फिल्म ठग्स ऑफ हिस्दुस्तान के बाद उन्होंने एक भी हिट प्रोजेक्ट नहीं दिया है। प्रोफेशनल लाइफ से इतर पर्सनल लाइफ को लेकर भी आमिर खान चर्चा में रहे हैं। हालांकि साल 2024 की शुरुआत उनके लिए काफी खूबसूरत होगी। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट की बेटी आइरा खान अपने बॉयफ्रेंड नुपूर शिखरे के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। लेकिन उससे पहले आमिर खान को कुछ नए शौक लगे हैं जिन्हें लेकर वो खबरों में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक बेटी की शादी से पहले आमिर को मराठी सीखने का शौक लग गया है।

लाइफ Style

# अनन्या

## खो गए हम कहां नंबर 1 पर कर रही ट्रेंड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अर्जुन वरैन सिंह निर्देशित खो गए हम कहां 26 दिसंबर 2023 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। अनन्या पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी सोशल मीडिया की सच्चाई से रूबरू कराती है, जिससे आज लगभग हर इंसान जूझ रहा है।

खो गए हम कहां को क्रिटिक्स से तारीफें मिली और दर्शक भी इसे काफी पसंद कर रहे हैं। अनन्या, सिद्धांत और आदर्श की परफॉर्मेंस को भी काफी पसंद किया गया है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होते ही फिल्म ओटीटी पर ट्रेंड कर रही है। जवान, मिशन रानीगंज और टॉप गन समेत कई फिल्मों को छोड़ खो गए हम कहां नेटफ्लिक्स पर नंबर वन पोजिशन पर ट्रेंड कर रही है। अर्जुन कपूर ने खो गए हम कहां का रिव्यू किया और इसे 'मस्ट वॉच' फिल्म बताई।

अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म को लेकर अपना ओपिनियन शेयर करते हुए कहा, वाकई नाम सूट करता है। खो गए हम कहां एक इमोशनल फिल्म है। देखने का अनुभव है। मेच्योर लेखन ने कम लेकिन पावरफुल परफॉर्मेंस का समर्थन किया है। हम किस दुनिया में जीते हैं और किन चीजों से डील करते हैं, उसे बड़ी जटिलता से डायरेक्ट किया गया है। अर्जुन कपूर ने आगे कहा, प्लॉट को जिस तरह से दिखाया गया है, वो खूबसूरत है और आप इससे वाकई रिलेट करते हैं। यह बिल्कुल देखी जानी चाहिए। अनन्य पांडे, सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव ने जो कैमरा डायरी शेयर की है, वो फिल्म की जान है। जो दोस्ती आपने महसूस की है, वो हम में से एक है।



हॉलीवुड मसाला




# क्रिसमस मनाकर किया सुसाइड

**लॉस एंजिलिस।** पॉपुलर हॉन्ग कॉन्ग एक्ट्रेस लाई सुक यिन ने 26 दिसंबर को सुसाइड कर लिया। एक्ट्रेस 47 साल की थीं। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस अपने बेटे के पास अनकॉन्शियस हालत में पाई गईं। मंगलवार दोपहर की यह घटना है। कहा जा रहा है कि लाई सुक यिन ने घर पर कोएले जलाए थे। जिसके बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की। एक्ट्रेस को आनन-फानन में जब अस्पताल लेकर जाया गया तो उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।




# प्रियंका के दूर रहने पर निक ऐसे रखते हैं बेटी का ख्याल

**लॉस एंजिलिस।** निक जोनास जो अक्सर अपनी पत्नी और बॉलीवुड दिवा प्रियंका चोपड़ा के प्रति अपने दिल छू लेने वाले इशारों से प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं, न केवल सपनों के पति हैं बल्कि एक अच्छे पिता भी हैं। नवीनतम बातचीत में, प्रियंका चोपड़ा की माँ मधु चोपड़ा ने खुलासा किया कि कैसे वह अपने दामाद से विस्मय में हैं, यह देखकर कि जब उनकी माँ काम पर बाहर होती हैं तो वह अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनास की देखभाल कैसे करते हैं। अपनी तुलना में सबसे अच्छी मां होने के लिए अपनी बेटी प्रियंका की प्रशंसा करते हुए, मधु ने कहा, मैं देखती हूं कि प्रियंका और निक पेशेवर रूप से एक-दूसरे का बहुत अच्छे से समर्थन कर रहे हैं।



# सुजैन को एयरपोर्ट से लौटना पड़ा वापस

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान काफी समय से एक्टर अर्सलान गोनी को डेट कर रही हैं। दोनों पार्टीज से लेकर इवेंट तक में साथ देखे जाते हैं। न्यू ईयर से पहले कई सेलिब्रिटीज वेकेशन के लिए एयरपोर्ट पर दिखे। इन्हीं में एक कपल सुजैन और अर्सलान भी थे लेकिन उनके साथ ऐसा कुछ हुआ कि एयपोर्ट पर पोपट बन गए और उन्हें वापस लौटना पड़ा। पपराजी ने ये सब अपने कैमरे में कैद कर लिया। दरअसल सुजैन और अर्सलान छुट्टियां मनाने के लिए जाने वाले थे तो वे मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे। गेट के बाहर ही अर्सलान जब अपने डॉक्यूमेंट्स खोजने लगे तो पता चला कि पासपोर्ट लाना ही भूल गए। वह सुजैन को बताते हैं तो वह भी हैरान होती हैं। सिक्योरिटी चेक करने वाले अधिकारी से सुजैन अपना पासपोर्ट वापस लेती हैं और वहां से दोनों लौट जाते हैं।



# रणबीर व राजकुमार की बनेगी जोड़ी...

**मुंबई।** फिल्म 'एनिमल' में रणविजय के किरदार से सुपरस्टार रणबीर कपूर हर किसी के दिलों-दिमाग पर छाए हुए हैं। एनिमल की सुपर सक्सेस के बाद हर कोई रणबीर की अगली फिल्म का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इस बीच 'डंकी' फिल्म डायरेक्टर राजकुमार हिरानी ने अपनी फिल्म 'संजू' के एक्टर रणबीर कपूर के साथ एक और मूवी बनाने को लेकर बड़ा अपडेट दिया है, जिसे जानकार फैंस काफी एक्साइटेड हो जाएंगे। फिल्म 'डंकी' को लेकर राजकुमार हिरानी इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं। अपनी इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान हाल ही में राजकुमार ने इंटरव्यू दिया है। इस दौरान उनसे भविष्य में संजू फिल्म स्टार रणबीर कपूर के साथ फिल्म करने को लेकर सवाल पूछा गया।

टीवी मसाला



# 1 करोड़ के सवाल का जवाब देने से चूका कंटेस्टेंट...

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति एक ऐसा शो है, जिसका हर सीजन दर्शकों का फेवरेट रहा। केबीसी का सीजन 15 भी काफी हिट रहा है। शो में एक बार फिर से अमिताभ बच्चन ने अपनी शानदार मौजूदगी से पूरे सीजन को यादगार बना दिया। इस वक्त कौन बनेगा करोड़पति का फिनाले वीक चल रहा है। इस आखिरी सप्ताह में बिग बी काफी इमोशनल भी हुए। फैंस भी दुखी नजर आ रहे हैं। ऐसे में बीता एपिसोड काफी दिलचस्प रहा। केबीसी के आखिरी हफ्ते में बिहार के अविनाश भारती अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर बैठे नजर आए। अविनाश का खेल बेहद ही शानदार रहा, लेकिन वह एक करोड़ का जवाब देने से चूक गए। आइए जानते हैं क्या था वो सवाल? अमिताभ बच्चन ने शो के दौरान बताया कि ये केबीसी के इतिहास का ऐसा पहला एपिसोड है, जिसमें पहले ही दिन कंटेस्टेंट एक करोड़ के सवाल तक पहुंचा। अविनाश ने खेल के दौरान अपनी सारी लाइफलाइन का इस्तेमाल करके 50 लाख रुपये जीते। इसके बाद अविनाश के सामने 1 करोड़ का सवाल आया, जिसका जवाब देने में उनके भी पसीने छूट गए, क्योंकि उनके पास अब कोई भी लाइफलाइन नहीं बची है। इसी वजह से उन्होंने गेम को 50 लाख के सवाल के साथ क्विट कर दिया।

## यशराज के प्लान में रोड़ा बनेगा शख्स

**मुंबई।** तेरी मेरी डोरियां के 30 दिसंबर के एपिसोड में देख सकेंगे कि बरार फैमिली का घर चला गया है और अभी वो जसलीन के लिए अस्पताल में हैं। इस बीच साहिबा के माता-पिता वहां आ जाते हैं। कीरत ने उन्हें सब बता दिया था। वो लोग सभी के लिए खाना लेकर आते हैं जिसे वो मिलकर खाते हैं। थोड़ी देर बाद साहिबा सीढ़ियों से जाती है तभी एक शख्स उसका मुंह बंद करके एक कमरे में ले जाता है। कमरे में अंधेरा होता है और जहां वह देखती है वहां पर गैरी पहले से मौजूद है। वह उसे खुद से दूर हटाती है लेकिन फिर गैरी कहता है कि वह यशराज के बारे में कुछ बताना चाहता है। गैरी को अहसास हो जाता है कि यशराज किसी का सगा नहीं है। साहिबा ने उसे पहले ही समझाया था कि जसलीन ने उसे बिना किसी शर्त के प्यार किया जबकि यशराज फायदा उठा रहा है।



# राजकुमार का बुलावा आते ही 'डंकी' में भूमिका निभाने पहुंच गए थे रोहिताश्व

**मुंबई।** रोहिताश्व गौड़ एंडटीवी के लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अपने मशहूर किरदार मनमोहन तिवारी के चलते सबके चहेते बन चुके हैं। उन्होंने टेलीविजन और बॉलीवुड में अपना एक अलग मुकाम बनाया है। उनकी बेजोड़ कॉमिक टाइमिंग ने मनोरंजन उद्योग के एक प्रतिभाशाली कलाकार के तौर पर उन्हें मजबूती से स्थापित किया है। गौड़ ने हाल ही में राजकुमार हीरानी की फिल्म डंकी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसमें वे एक धोखेबाज वीजा एजेंट के किरदार में नजर आये। एक बेबाक बातचीत में उन्होंने विस्तार से बताया है कि उन्हें यह भूमिका कैसे मिली। शाहरुख खान की फिल्म से जुड़ने के बारे में रोहिताश्व गौड़ ने बताया, ''यकीन करना मुश्किल है, लेकिन यह मेरे लिये सबसे महत्वपूर्ण मौकों में से एक बन गया, और इसके लिए मुझे बहुत कम इंतजार करना पड़ा। दिलचस्प बात यह है, कि यह सब एक ही दिन में हो गया। मैं नायगांव में अपने शो 'भाबीजी घर पर हैं' की शूटिंग कर रहा हूँ। लगातार सफर करने से बचने के लिये मैं आमतौर पर सेट के पास के एक अपार्टमेंट में ठहरता हूँ और सिर्फ छुट्टी के दिनों में अपने घर गोरेगांव जाता हूँ। हमें अगले दिन शूटिंग करनी थी, लेकिन मुझे सुबह ही खबर मिली कि सेट पर एक हफ्ते की छुट्टी है। मैंने सोचा कि इस वक्त का इस्तेमाल घर जाकर अपने परिवार के साथ बिताने के लिये करना चाहिये। रास्ते में मुझे राजकुमार हीरानी जी का कॉल आया और उन्होंने पूछा कि मैं क्या कर रहा हूँ। मैंने उन्हें बताया कि मैं घर जा रहा हूँ और उन्होंने ज्यादा कुछ कहे बिना मुझे सीधे गोरेगांव की फिल्मसिटी में बुलाया। वहाँ जाने पर मैं एक बड़ा सेट देखकर चौंक गया, जहाँ हजारों लोग थे। फिर मिस्टर हीरानी ने बताया कि वे पंजाब के एक जाने-माने थियेटर आर्टिस्ट के साथ एक दृश्य की शूटिंग करने वाले थे, लेकिन किसी कारण से वह अपना किरदार निभाने नहीं आ पाया। वह फिल्म की शूटिंग का पहला दिन था और मिस्टर हीरानी प्रोडक्शन को रोकना नहीं चाहते थे।



# दूसरे पार्ट की कहानी को लेकर डायरेक्टर ने दिया हिंट


***मुंबई।*** *क्रिसमस के मौके पर रिलीज हुई 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कर रही है। फिल्म वर्ल्डवाइड 600 करोड़ के क्लब में शामिल होने के करीब है। 'सालार' को प्रशांत नील ने डायरेक्ट किया जिन्होंने इससे पहले 'केजीएफ' और 'केजीएफ चैप्टर 2' बनाई। प्रभास और प्रशांत नील के साथ आने से 'सालार' को लेकर उम्मीदें और बढ़ गई थीं। फिल्म देखने वाले दर्शक अब इसके दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। डायरेक्टर ने 'सालार 2' की कहानी को लेकर भी यह राज खोला है कि यह पिछली फिल्म से और बड़ा, और बेहतर होगा। प्रशांत ने कहा कि जो भी फीडबैक मिला है उसे देखने के बाद वह दूसरे पार्ट में कोई बदलाव करने के मूड में नहीं हैं। फिल्म की कहानी तैयार है। पिंकविला को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या 'सालार पार्ट 2' की कहानी में कुछ बदलने वाले हैं तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं कहानी नहीं बदलूंगा। मुझे जो फीडबैक मिला है उसकी वजह से मैं इसमें थोड़ा भी बदलाव नहीं करने जा रहा हूं। मेरा मतलब है कि कहानी पहले से तैयार है। मुझे कहानी को फॉलो करना होगा। एक डायरेक्टर के रूप में मेरा काम उस कहानी को बताना है जो हमने लिखी है। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी को पसंद आई। हम उसी कहानी के साथ आगे बढ़ने जा रहे हैं।'*




# रातों रात चर्चा में आए ये एक्टर्स, परफॉर्मेंस से चुरा ली सारी लाइमलाइट

***मुंबई।*** *साल 2023 कई कलाकारों के लिए शानदार रहा। एक फिल्म या वेब सीरीज से उन्हें पॉपुलैरिटी मिली। कोई नेशनल क्रश कहलाईं तो कोई इंटरनेट सेंसेशन बन गया। अपनी परफॉर्मेंस से इन कलाकारों ने क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। इनमें कई तो ऐसे हैं जो सालों से काम करते आ रहे हैं लेकिन अब जाकर उनके एक रोल ने उन्हें लोकप्रिय कर दिया। चलिए बताते हैं जबरदस्त परफॉर्मेंस देने वाले ऐसे ही एक्टर्स के बारे में।*











**करिश्मा तन्ना :** 'स्कूप' के लिए करिश्मा तन्ना हर जगह अवॉर्ड बटोर रही हैं। टीवी सीरियल के बाद करिश्मा का ओटीटी डेब्यू शानदार रहा। उनका कहना है कि इंडस्ट्री में इतने सालों की मेहनत अब रंग लाई

**अविनाश तिवारी :** वेब सीरीज 'बंबई मेरी जान' से अविनाश तिवारी को पहचान मिली। उन्होंने अंडरवर्ल्ड डॉन का किरदार निभाया। इसके अलावा उनकी एक और सीरीज काला आई थी।

**अपारशक्ति खुराना :** विक्रमादित्य मोटवाने की वेब सीरीज 'जुबली' में अपारशक्ति खुराना ने लीड रोल किया। उन्होंने अपनी एक्टिंग से किरदार में जान डाल दिया।

**वामिका गब्बी :** 2023 वामिका गब्बी के लिए यादगार रहा। उन्हें दर्शकों ने 'जुबली', 'मॉर्डल लव चेन्नई', 'चार्ली चोपड़ा' और 'खुफिया' में देखा। हर फिल्म और सीरीज में उनकी एक्टिंग पसंद की गई।

**तृप्ति डिमरी :** फिल्म 'एनिमल' से तृप्ति डिमरी इंटरनेट सेंसेशन बन गईं और वह नेशनल क्रश बन गईं। फिल्म में तृप्ति का छोटा सा ही राल था लेकिन हर किसी ने उन्हें नोटिस किया।

**विक्रांत मैसी :** '12वीं फेल' में विक्रांत मैसी ने लीड रोल किया। छोटे बजट की इस फिल्म ने अपने कलेक्शन से सभी को हैरान कर दिया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 53.68 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया।

**अदा शर्मा :** 'द केरल स्टोरी' से अदा शर्मा रातों रात स्टार बन गईं। फिल्म के विषय को लेकर विवाद भी हुआ।